


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 158 | ग्वालियर सोमवार 15 जून 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




# फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने की आत्महत्या



**शोक में टीवी और फिल्म इंडस्ट्री**

**मुंबई**। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत इस दुनिया में नहीं रहे। रविवार को मुंबई में अपने फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उनके नौकर ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सुशांत ने सुइसाइड क?यों क?या है,इसकी अभी तक जानकारी सामने नहीं आ सकी है। हालांकि पुलिस को सुशांत के दोस्तों ने बताया है कि वह बीते 6 महीने से डिप्रेशन में थे।वह डिप्रेशन की वजह से दवाइयां ले रहे थे। बीती रात सुशांत के कुछ दोस्त उनके साथ थे। सुबह जब सुशांत ने दरवाजा नहीं खोला,तब उनके दोस्?तों ने दरवाजा तोड़ा अंदर फांसी से उनकी लाश झूल रही थी। इसके बाद नौकर ने पुलिस को फोन क?या। मुंबई स्थित उनके घर पर पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। बता दें कि चार द?िन पहले ही सुशांत की मैनेजर दिशा की भी इमारत से ग?िरने से मौत हो गई थी। मुंबई पुलिस के प्रवक्ता का कहना है कि सुशांत ने आत्महत्या की है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस को अभी तक कोई सूइसाइड नोट नहीं मिला है। सुशांत सिंह राजपूत की एक्स गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे ने एक बिजनसमैन के साथ पिछले हफ्ते ही सगाई की है। उनकी मैनेजर ने पांच दिन पहले ही आत्महत्या की थी। सूत्रों का कहना है कि मामले में भी सुशांत से पूछताछ की गई थी। वहीं परिवार के लोगों के मुताबिक, सुशांत एक बंगाली लड़की से परेशान थे। पिता उनसे कुछ दिन बाद ही मिलने जाने वाले थे, इसी बीच ये खबर आ गई। सुशांत के निधन की खबर पूरा देश सदमे में है। उनके गृहनगर पटना के राजीव नगर मोहल्ला गमगीन है।

### निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख, कहा- स्तब्ध हूं



एमएस धोनी, राब्ता, छिछोरे, जैसी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले युवा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन से सियासी जगत भी शोक में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुशांत के निधन पर दुख प्रकट करते हुए उनके परिवार वालों को प्रति संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि सुशांत सिंह राजपूत ... एक उज्ज्वल युवा अभिनेता बहुत जल्द चला गया। उन्होंने टीवी और फिल्मों में बेहतरीन काम किया। मनोरंजन की दुनिया में उनके उदय ने कई लोगों को प्रेरित किया और अपने पीछे कई यादगार परफॉर्मेंस को छोड़ गए। उनके निधन से मैं स्तब्ध हूं। मेरी संवेदना उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

### मुख्यमंत्री चौहान ने निधन पर किया शोक व्यक्त

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युवा अभिनेता का ऐसे और असमय दुनिया छोड़कर जाना अत्यंत दुखद है। उन्होंने दो पंक्तियों में अपना भाव व्यक्त करते हुए कहा - %रहने को सदा दहर में आता नहीं कोई, तुम जैसे गए, ऐसे भी जाता नहीं कोई। उन्होंने ईश्वर से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को यह पीड़ा सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# कोरोना संक्रमण में मप्र अब देश में 8वें स्थान पर आया

## मुख्यमंत्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**भोपाल**। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण में प्रदेश की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब प्रदेश पूरे देश में आठवें स्थान पर आ गया है। प्रदेश के सभी कोरोना पैरामीटर्स में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एक्टिव प्रकरणों में एक दिन में 151 की कमी आई है तथा 300 मरीज स्वस्थ होकर घर गए हैं। अब हमारे एक्टिव प्रकरणों की संख्या 2666 है। हमारी डबलिंग रेट बढ़कर 34.1 दिन तथा रिकवरी रेट 71.1 प्रतिशत हो गई है। यह प्रदेश के लिए बहुत अच्छे संकेत हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे। रिकवरी रेट में मध्यप्रदेश भारत में दूसरे स्थान पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रिकवरी रेट में मध्यप्रदेश भारत में दूसरे स्थान पर है। म.प्र. की रिकवरी रेट 71.1 प्रतिशत हो गई है,



जबकि भारत की 50.6 प्रतिशत है। राजस्थान की सर्वाधिक 75.3 प्रतिशत है। गुजरात की 68.9, उत्तरप्रदेश की 60 तथा तमिलनाडु की 54.8 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि कोरोना संबंधी पैरामीटर्स में सुधार के बाद कोरोना संक्रमण में मध्यप्रदेश भारत में अब 8वें स्थान पर आ गया है। म.प्र. में 10641 कोरोना पॉजिटिव प्रकरण है। सर्वाधिक कोरोना प्रकरण महाराष्ट्र में 1,04,568, इसके बाद तमिलनाडु में 42,687, दिल्ली में 38,958, गुजरात में 23,038, उत्तरप्रदेश में 13,118, राजस्थान में 12,401 तथा पश्चिम बंगाल में 10,698 कोरोना पॉजीटिव प्रकरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की पूरे देश में मध्यप्रदेश में सबसे धीमी गति है। हमारी डबलिंग रेट 34.1 दिन है, जबकि भारत की 18.4 दिन है। गुजरात की 30.2 दिन, राजस्थान की 26.7 दिन, महाराष्ट्र की 21 दिन तथा उत्तरप्रदेश की 18.6 दिन है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना की मॉनीटरिंग के लिए जिलेवार वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। वे रोज सुबह उठते ही तथा रात में सोने से पहले अपने जिले में कोरोना की स्थिति की मानीटरिंग करें, संबंधित कलेक्टर्स को मार्गदर्शन दें तथा इसकी रिपोर्ट दें। बैठक में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश में कोरोना की मृत्यु दर को न्यूनतम करना है। इसके लिए सभी कोविड अस्पतालों में सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए। ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया जाए तथा हर मरीज पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लॉकडाउन खुलने के बाद अब जनजीवन सामान्य हो रहा है। अत- लोगों को जागरूक करना आवश्यक है कि वे सभी आवश्यक सावधानियां बरतें। मास्क लगाना, दो गज की दूरी रखना, इधर-उधर नहीं थूकना, बार बार साबुन से हाथ धोना, सैनेटाईजर का उपयोग आदि सभी आवश्यक है। जागरूकता फैलाने के लिए जनसहयोग लिया जाए। एसीएस हेल्थ मो. सुलेमान ने बताया कि भारत के सर्वाधिक संक्रमित 15 शहरों में प्रदेश का इंदौर शहर सातवें स्थान पर है। इस सूची में पूर्व में भोपाल भी शामिल था परंतु अब भोपाल इनमें नहीं है।

**जम्मू-कश्मीर में जन संवाद रैली को संबोधित किया**

## पीओके के लोग भी करेंगे भारत का हिस्सा बनने की मांग : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर जन संवाद रैली को संबोधित किया. रैली को संबोधित करते हुये दौरान उन्होंने कहा कि देश और दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही है. इस संकट के समय में अपने स्वास्थ्य सुरक्षा के ढांचे को हमने मजबूत किया है उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर की तस्वीर इतनी बदल जाएगी कि पीओके के लोग भी सोचेंगे कि अगर हम भारत में होते तो हमारे दिन भी बदल गए होते. आने वाले दिनों में पीओके के लोग भी भारत का हिस्सा बनना चाहेंगे. उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर सभी के मन में संशय था, लेकिन पूणज् बहुमत मिलते ही हमने जो कहा था वह काम पूरा किया. एक वक्त था जब हमें दो वोट मिले थे. और एक आज का वक्त है जब हमने पूणज् बहुमत के साथ दोबारा सरकार बनाई है. हमने दो से लेकर दोबारा तक का सफर तय किया है. पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनुच्छेद 370 को लेकर अन्य देशों का समर्थन हमेशा पाकिस्तान के साथ रहता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमें इस मुद्दे पर मुस्लिम देशों का भी समर्थन प्राप्त हुआ है. पहले कश्मीर में पाकिस्तान और आईएसआईएस का झंडा फहराता नजर आता था. लेकिन हम सीना ठोक कर अब कश्मीर को अपना हिस्सा कहते हैं. जम्मू और लद्दाख को शिकायत थी कि कश्मीर को प्राथमिकता मिलती है, लेकिन अब मौसम बदल चुका है. जम्मू-कश्मीर की तकदीर और तस्वीर को बदलने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं.



**एक नजर**

### विदेश से मुंबई आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट में यात्री की मौत

**मुंबई**। लागोस से मुंबई आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत होने की खबर सामने आई है. सूत्रों के मुताबिक यात्री फ्लाइट में कांप रहा था. जब क्रू ने पैसेंजर से इसकी वजह जाननी चाही तो उसने कहा कि उसे मलेरिया है. पैसेंजर को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी. विमान में ही उसे ऑक्सीजन दी गई, लेकिन उसकी हालत बिगड़ती गई और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई. कुछ सूत्रों ने यह भी बताया कि पैसेंजर के मुंह से खून निकल रहा था. ये फ्लाइट मुंबई एयरपोर्ट पर रविवार सुबह 3.40 पर लैंड हुई. अब सवाल ये उठ रहा है कि बुखार से पीड़ित पैसेंजर को हवाई जहाज में सफर की इजाजत कैसे दी गई. हालांकि एअर इंडिया ने मौत के इन कारणों से इनकार किया है. एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि 13 जून 2020 को लागोस से मुंबई आ रही फ्लाइट संख्या एआय1906 में एक पैसेंजर की मौत हो गई.

### क्वारंटाइन से बचने कपल ने तमिलनाडु-केरल बॉर्डर पर की शादी

**चेन्नई**। कोरना ने इसतरह के हालात पैदा कर दिए हैं कि लोगों ने कभी सोचा भी नहीं था। कोरोना का साया शादियों पर भी पड़ा है। कई शादियां टल गईं और जो हुईं उसके लिए लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। देश में कुछ जुगाड़ू लोग भी जो कोई न कई तरकीब ढूंढ लेते हैं।इसतरह के अनोखे तरीके से शादी हुई तमिलनाडु-केरल बॉर्डर पर हुई। तमिलनाडु-केरल बॉर्डर पर कपल ने इसकारण शादी की क्योंकि दूल्हा और दुल्हन के परिवार वाले पास और क्वारंटाइन के झंझट में नहीं फंसना चाहते थे। दुल्हन केरल की रहने वाली है, जबकि दूल्हा तमिलनाडु से है। दोनों की शादी पहले 22 मार्च को होनी थी लेकिन लॉकडाउन के कारण हो न सकी। लॉकडाउन में ढील मिलने के बाद एक बार फिर से शादी का शुभ मुहूर्त निकाला गया।

### भारत-पाक युद्ध में कमान संभालने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सी एन सोमन्ना का निधन

**बेंग्लुरु**। लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सी एन सोमन्ना का कर्नाटक के कुर्ग में निधन हो गया। लेफ्टिनेंट जनरल सी एन सोमन्ना ने 92 की उम्र से संबंधित बीमारियों से काफी समय से परेशान थे उन्होंने अपने आवास विराजपथ पर अंतिम सांस ली। लेफ्टिनेंट जनरल सीएन सोमन्ना ने 1984-85 के दौरान सेना के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया था, जब देश ने अमृतसर, पंजाब में स्वर्ण मंदिर में आतंकवादियों को शरण देने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार का हिस्सा बनें थे।रक्षा मंत्रालय पीआरओ, बेंगलूरु ने ट्वीट कर बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल सोमन्ना ने शनिवार शाम 4.10 बजे आखिरी सांस ली।

## अमित शाह दिल्ली में कोरोना को रोकने के लिए 500 ट्रेन कोच और 3 गुना बढ़ाएंगे टेस्टिंग

**नई दिल्ली**। राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामले को देखते हुए इसे रोकने की कमान अब खुद केन्द्र सरकार ने संभाल ली है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप-राज्यपाल अनिल बैजल की करीब घंटे तक चली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इस बैठक के बाद अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में कोरोना के मामले को रोकने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कोविड-19 के बेड की कमी को देखते हुए मोदी सरकार दिल्ली को 500 रेलवे कोच मुहैया कराएगी। इन 500 रेलवे कोच से कोरोना के न सिर्फ 8 हजार बेड बनाए जाएंगे बल्कि कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सभी उपकरण से लैस होंगे ये रेलवे कोच। अमित शाह ने कहा कि 6 दिन बाद टेस्टिंग को बढ़ाकर तीन गुना कर दिया जाएगा। दिल्ली में कोरोना वायरस संबंधी जांच की संख्या आगामी 2 दिन में दोगुनी और आगामी छह दिन में तिगुनी की जाएगी। इसके अलावा, दिल्ली के कंटेनमेंट जोन में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सर्वे होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, उप-राज्यपाल अनिल बैजल और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक में कोरोना को रोकने और दिल्ली की जनता को इससे बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।



### 28 जून के मन की बात कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री ने लोगों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में चर्चा के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। 28 जून को होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर लोगों से अपील की है कि वे अपने आइडिया और इनपुट दे। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि मन की बात कार्यक्रम 28 जून को होगा। हालांकि अभी कार्यक्रम में 2 हफ्ते का समय है, लेकिन आप लोग कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव जरूर दें। पीएम ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा फोन और कमेंट्स के जरिए मुझे अपने विचार और इनपुट दें।


## गुजरात में 5.8 की तीव्रता के भूकंप के झटके से लोगों में दहशत

**अहमदाबाद**। रविवार रात करीब सवा आठ बजे भूकंप के झटके से गुजरात थर्रा उठा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 बताई गई है। भूकंप का केन्द्र कच्छ के भचाऊ के निकट था। करीब 3 से 4 सैंकड का यह झटका अहमदाबाद समेत राज्यभर में महसूस किया गया। एक ओर लोग कोरोना संकट है और दूसरी ओर राज्यभर में भारी बारिश भी शुरू हो गई। ऐसे में भूकंप के झटके ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। घरों में सामान हिलने और बर्तनों को नीचे गिरता देख लोग अपने अपने घरों से बाहर की ओर दौड़ पड़े। 19 साल बाद गुजरात में इतनी तीव्रता का भूकंप आने से लोगों में दहशत फैल गई है अहमदाबाद के अलावा राजकोट, जामनगर, भावनगर, सुरेन्द्रनगर, मोरबी, कच्छ, जूनागढ़, पोरबंदर, गिर सोमनाथ, बोटाद, गांधीनगर, पाटन, अरवल्ली, साबरकांठा, बनासकांठा जिलों में भूकंप का झटका महसूस किया गया।



**वर्चुअल रैली** | **केंद्रीय मंत्री ने बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां**

## देश को महाशक्ति बनाने गांवों के विकास में जुट जायें पार्टी कार्यकर्ता: तोमर



**नई दिल्ली**। कोरोना संकट के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'लोकल के लिये वोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दो मंत्र दिये हैं। उनका मानना है कि देश को अगर मजबूत बनाना है, तो गांवों का विकास जरूरी है। गांवों की आत्मनिर्भरता ही भारत की आत्मनिर्भरता है। देश के गांव बड़ी ताकत हैं और उनका विकास प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है। इसलिए देश को महाशक्ति बनाने, उसे दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कराने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता प्राणप्रण से गांवों के विकास में जुट जाएं। यह आह्वान केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर ने रविवार को हरियाणा भाजपा की वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुंए किया। श्री तोमर ने कहा कि हरियाणा जवानों का देश है। देश अगर आज सुरक्षित है, तो वह इन जवानों की शहादत के दम पर ही है। 2014 से पहले जब मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं थे, तब उनकी पहली रैली हरियाणा के रेवाड़ी में ही हुई थी। इस रैली में उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा सत्ता में आई, तो हम सेना में वन रैंक, वन पेंशन की व्यवस्था लागू करेंगे। उन्होंने तीनों सेनाओं को मजबूत बनाने और उनके बीच बेहतर तालमेल के लिये चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति की भी बात कही थी। इन दोनों ही वादों को प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने 6 सालों के कार्यकाल में पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी केंद्र सरकार सेना को मजबूती देने के लिए जो काम कर रही है, उससे कई दूसरे देश परेशान होने लगे हैं। श्री तोमर ने कहा कि धारा 370, 35 ए, नागरिकता संशोधन कानून, तीन तलाक, राम मंदिर आदि के जो मुद्दे हैं, ये भारतीय जनता पार्टी के लिए शुरू से ही राजनीति या वोट बैंक तैयार करने का विषय नहीं रहे। पार्टी ने राम मंदिर के लिए देश के करोड़ों लोगों से वादा किया था, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपने दायित्व का निर्वाह किया और अब राम मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है।

### वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई 6 जुलाई तक रोक

**नई दिल्ली**। वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ के खिलाफ हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों दर्ज हुई एफआईआर के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को विशेष सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई छह जुलाई तक विनोद दुआ की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने दुआ से जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। विनोद दुआ के खिलाफ कथित सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में कई राज्यों में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।



# कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु प्रशासन एवं आमजन मिलकर कार्य करें-कमिश्नर

## चंबल कमिश्नर ने किया जिला चिकित्सालय भिण्ड का निरीक्षण

**भिण्ड।** चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा ने आज जिला चिकित्सालय भिण्ड का निरीक्षण कर कोरोना संक्रमित मरीजो के इलाज की व्यवस्था, फीवर क्लीनिक एवं अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री आईएस ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल, एसडीएम भिण्ड श्री ओमनारायण सिंह, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे। चंबल संभागायुक्त श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर डेडीकेटेड कोविड केयर सेंटर में भर्ती कोरोना संक्रमित मरीजो की व्यवस्थाऐं देखी एवं उनका हालचाल जाना, उन्होंने जिला अस्पताल में बनाए गए आईसोलेशन वार्ड का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जनरल वार्ड में पहुंचकर मरीजो से चर्चा कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर, मेटरनिटी वार्ड,





पैथलेब आदि का भी निरीक्षण किया। कमिश्नर ने जिला अस्पताल में स्थापित फीवर क्लीनिक का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाऐं देख आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिले में फीवर क्लीनिक की संख्या बढाने की आवश्यकता है। चंबल संभागायुक्त श्री मिश्रा ने जिला चिकित्सालय में कोरोना संक्रमण टेस्टिंग करने के लिए लगाई गई नवीन मशीन का भी निरीक्षण किया। कमिश्नर श्री मिश्रा ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन एवं आमजन को मिलकर कार्य करें। जिसमें प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जारी निर्देश एवं नियमो का सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही आमजन द्वारा नियमों का पालन किया जाए। जिसमें घर से बाहर निकलते समय मुंह पर मास्कध्कपडाध्साफी से आवश्यक रूप से ढके। फिजीकल डिस्टेसिंग के नियम का सदैव पालन करते हुए आपस में दो गज की दूरी के नियम का पालन करें। बार-बार साबुन से हाथ धोए या सेनेटाईजर का उपयोग करें।

### चंबल आयुक्त ने किया अटेर जनपद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

चंबल कमिश्नर श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा ने आज अटेर जनपद पंचायत कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अटेर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाऐं देखी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जनपद द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर उसकी समीक्षा की। उन्होंने प्रवासी श्रमिको के संबंध में भी जनपद सीईओ से जानकारी प्राप्त कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अटेर का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाऐं देखी।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 23, 37, 42 में निषेधाज्ञा कर्फ्यू हटा

**मुरैना ।** कोविड-19 का व्यक्ति पॉजीटिव पाये जाने के कारण निगम के वार्ड क्रमांक 23 तेलीपाड़ा, 37 गोपालपुरा और वार्ड क्रमांक 42 को कंटेनमेंट जोन प्रस्तावित किया गया था। इस क्षेत्र में सभी परिवारों के खांसी, जुखाम, बुखार की जांच कराई। जो संदिग्ध व्यक्ति थे, उनका सेम्पल कराया तो वे सभी निगेटिव पाये गये। इस पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रियंका दास ने वार्ड क्रमांक 23, 37, 42 को कंटेनमेंट एरिया से मुक्त कर दिया है।

### डीएड परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 जून

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित सत्र 2019-20 की प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (डीएड) नियमित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष-2020 की परीक्षा के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 21 जून कर दी गई है।

### मदिरा दुकानों में पुरुष कर्मचारी की ड्यूटी लगाने के निर्देश

**मुरैना।** आबकारी आयुक्त ने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के विभागीय संचालन की स्थिति में विक्रयकर्ता एवं चौकीदार के रूप में केवल पुरुष कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई जाये। आबकारी विभाग, नगर सैनिक एवं आउटसोर्स एजेंसी से प्राप्त पुरुष कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया जाये।

## सिटी कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई बिना मार्क्स के बेखौफ घूम रहे लोग की चालानी कार्रवाई



संदीप प्रधान ब्यूरो

**दतिया।** सिटी कोतवाली टी आई धनेंद्र भदोरिया ने बताया कि बिना मार्क्स के बेखौफ घूम रहे लोग उसी के चलते चालानी कार्रवाई की गई और बताया लोगों को समझाइश देते हुए कहां की आप भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें दतिया शहर में दुकान एवं समोसे कचोरी की गुमटी ऊपर भी बिना मार्क्स पहने लोगों के काटे चालान।

## कोरोनाकाल में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर बनाने के प्रयास जारी- श्योपुर कलेक्टर

**श्योपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से श्योपुर जिले में 04 फीवर क्लिनिकों की स्थापना की गई हैं। यह फीवर क्लीनिक जिला चिकित्सालय श्योपुर प्रा/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा, कराहल एवं विजयपुर में खोले जाकर मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क उपचार दिलाने की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से सुनिश्चित कराई जार रही है। जिले में स्थापित 04 फीवर क्लीनिक नागरिको को निरंतर सुविधाएं दे रहे है। सीएमएचओ डॉ एआर करोरिया ने बताया कि जिला चिकित्सालय स्थित फीवर क्लीनिक के माध्यम से 928, बडौदा के द्वारा 22, कराहल के द्वारा 27, विंजयपुर के माध्यम से 125 कुल 1102 मरीजो का निशुल्क उपचार किया जा चुका है। यह फीवर क्लीनिक कोरोना संदिग्ध की जांच करने में सहायक बन रहे है। साथ ही इन क्लीनिकों के माध्यम से आने वाले व्यक्तियों में सर्दी, खांसी और बुखार का उपचार दिया जा रहा है।

## आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने में महिला स्व-सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका

**शिवपुरी।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में महिला स्व-सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार द्वारा उन्हें विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए आगामी समय में 1433 करोड़ रूपए के कार्य दिलाए जाएंगे। स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपने गांव और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय वस्तुओं का निर्माण करें। उन्हें बाजार उपलब्ध कराने में सरकार उनकी मदद करेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग एवं वैब लिंकिंग के माध्यम से प्रदेश के महिला स्व-सहायता समूहों की लगभग 10 लाख महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वीसी के माध्यम से जिलों के एनआईसी केन्द्रों में उपस्थित स्व-सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत भी की। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना के विरूद्ध लड़ाई में अपने गांव और क्षेत्र को जागरूक करने में महिला स्व-सहायता समूह आदर्श बनें। वे अपने गांव व क्षेत्र में कोरोना के प्रति जागरूकता फैलाएं। दो गज की दूरी (6 फीट), सैनेटाईजेशन, बार-बार हाथ धोना, सार्वजनिक स्थानों पर न थूकना आदि ऐसे हथियार हैं, जिनके माध्यम से हम कोरोना को हरा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्मैं आपको यह महत्वपूर्ण जवाबदारी दे रहा हूँ, आप यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंश। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगभग 400 करोड़ रूपए की लागत का विद्यार्थियों के लिए गणवेश बनाने का कार्य, आजीविका विकास के लिए 65 करोड़ रूपए के कार्य, मुर्गी पालन, भेड़ पालन के लिए 12 करोड़ रूपये के कार्य, 90 हजार पीपीई किट निर्माण के लिए 4.56 करोड़ रूपए के कार्य, टेक होम राशन तैयार करने के लिए 700 करोड़ के कार्य तथा गौशाला, पशु शेड, मुर्गी शेड, बकरी शेड, खेत तालाब, मेड बँधान, वृक्षारोपण आदि के लिए 252 करोड़ रूपये के कार्य दिलाए जाएंगे।

## उमस भरी गर्मी उधर बिजली से लोग बेहाल दिन तो दिन रात में भी रतजगा करने को मजबूर

**मुरैना।** शहर उमस भरी गर्मी से वेहाल है। उधर विद्युत विभाग की लापरवाही घौर अनदेखी से भी पिछले कई दिनों से बदले मौसम के मिजाज ने गर्मी और उमस ने वेहाल कर दिया है। आसमान छटते ही सूर्य देवता ने भी अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। तीन चार दिन से तो रफ्तार पकड़कर पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया है। उधर विद्युत विभाग की लापरवाही और अधिकारियों की अनदेखी दिन तो दिन रात को लोग लोग जगा करने से बीमार हो रहे हैं। उनकी नींद न पूरी होना बीमारियों को जन्म देना है। उधर कूलर भी अपनी रफ्तार छोड़ चुके हैं। छतों के पंखे भी गर्म हवा दे रहे हैं। उधर बरसी आसमानी आग एवं तेज लपटों ने लोगों को पसीना-पसीना होने को मजबूर कर दिया है। इस वक्त जो घर के बाहर चेन मिल रहा है। न घर के भीतर दिन में तथा रात में 5 घंटे से लाईट कम नहीं जाती हैं। दिन में बंद कर दें। सो रात में सकुन की नींद सोने दे। दोनों ओर विद्युत खम्भे बदलने के बाद भी वही पुराना आलम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं डी पी उनके जम्पर तारों से बंधे हैं। वह लोड होने पर जल



जाते हैं। जिससे एक घंटे भी जम्फर बदल नहीं पाते हैं। यहां तक कि धार्मिक सीरियल भी लोग घरों में देखने से मजबूर हो चुके हैं। तभी एक तरफ़ विद्युत चमक रही होती हैं। तो दूसरी ओर शहर अंधेरे में हो जाता है। कभी पूरा शहर अंधेरे में हो जाता है। जबकि स्थानीय प्रशासन के बंगलों पर एसी, पंखे, कूलर कई उपकरण होने के बाद भी वहां बिजली नहीं जाती हैं। और न ही उनसे बिजली का बिल वसूला जाता है। रोजाना केबिल जल जाती हैं। तो कभी डीपी फुक जाती हैं। क्या यही विद्युत का मेंटिनेंस है। विद्युत का बिल पूरा भरने के बाद भी लोग परेशान हैं। जो लोग बिजली की चोरी कर रहे हैं। उनके आगे विभाग पूरी तरह से नतमस्तक बना हुआ है। विद्युत विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश है। दिन हो या रात्रि में अधिकारियों को फोन लगाने के बाद भी वह फोन नहीं उठाते हैं। उनका कहना है कि रात में तो चैन की नींद सोने दो भाई अन्यता कभी भी आक्रोश का घड़ा फूट सकता है। इन का कहना है सबलगढ़ की सभी डीपीओ पर जम्फर सुरक्षित न होने से बार बार जलकर विद्युत बंद हो जाती हैं। तारो को लपेट कर जम्पर की पूर्ति की जा रही हैं।

## जनता की समस्याओं को लेकर डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा

**ग्वालियर।** भारतीय जनता के वरिश्ठ नेता डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज मध्यप्रदेष के यषस्वी मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चौहान जी को 16 ग्वालियर पूर्व की जनता की परेषानियों को हल कराने के लिए भोपाला भाजपा कार्यालय में पत्र सौंपा।

डॉ. सिकरवार ने जनता को हो रही निम्नलिखित परेषानियों के लिए पत्र सौपा:-

1. लोंडिंग ऑटो स्टेण्ड का पुनः स्थानातंरणः- डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि दिनांक 10.06.2020 (बुधवार) को लोडिंग संचालकों द्वारा पत्र के माध्यम से मुझे अवगत् कराया गया कि उत्कृश्ट विद्यालय क्रमांक 2 के सामने बारादरी चौराहा मुरार में विगत 35 वर्शो से लोडिंग स्टेण्ड संचालित होता है, जिस पर 20 से 25 लोडिंग वाहन खडे होते है, इस स्टेण्ड से कभी यातायात बाधित नही हुआ हैं, सभी लोडिंग चालकों के परिवार का भरण-पोशण इसी स्टेण्ड से होता आ रहा हैं। अब यहीं लोडिंग स्टेण्ड मुरार 6 नम्बर चौराहे, पोस्ट ऑफिस के पास निर्धारित कर दिया गया है, जबकि सभी ग्राहको को पुरानी जगह का ही स्थान मालूम है, इस नये स्थान की जानकारी के अभाव में लोडिंग संचालको के पास विगत् 3 माह से कोई भी ग्राहक नही आ रहा है, कोरोना महामारी के कारण सम्पूर्ण देष में लगे लॉकडाउन की वजह से पहले ही इन चालकों को काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है, यह अपने परिवार का भरण-पोशण बड़ी मुष्किल से कर पा रहे हैं। लेकिन अब लोडिंग स्टेण्ड के स्थान परिवर्तन से ग्राहक न आने के कारण वाहन चालकों को अपने वाहनो की किष्त भी भरना मुष्किल हो रहा हैं। वाहन चालको को दूसरो से कर्ज लेकर वाहन की किष्त जमा कर रहे हैं। लोडिंग स्टेण्ड के दो वाहनों को बैंक द्वारा जप्त भी कर लिया गया हैं। डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया है कि उक्त ऑटो स्टेण्ड को पुनः उत्कृश्ट विद्यालय क्र. 2 के सामने, बारादरी चौराहे, मुरार में स्थानातंरित किये जाने का संबंधित अधिकारियों को आदेषित करने का कश्ट करें।

2. सीवर लाईन, विद्युत लाईन, सड़क निर्माण एवं दो हैण्डपम्प लगावाये जाने हेतु:- डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि दिनांक 09.06.2020 (मंगलवार) को वार्ड क्र. 21 के अंतर्गत आने वाली न्यू नारायण विहार कॉलोनी, ग्वालियर के क्षेत्रवासियों द्वारा मुझे पत्र के माध्यम से अवगत् कराया गया कि क्षेत्र में सीवर लाईन न होने के कारण क्षेत्र के लोगो को काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी होने के कारण बीमारियों का खतरा बना रहता है। विद्युत लाईन के अभाव में यहां के लोगो को गर्मी में जीवन यापन करना काफी



मुष्किल हो रहा है, यहां कि सड़को की हालत भी काफी जर्जर है, जिस कारण आये दिन हादसे होते रहते है, क्षेत्र में पानी की समस्या भी काफी विकराल रूप ले चुकी है, गर्मी के मौसम में पानी की समस्या होने के कारण लोगो काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं, जिस हेतु इस क्षेत्र में दो हैण्डपम्प लगाया जाना अतिआवष्यक हैं।

3. हुरावली की सड़क बनाये जाने हेतु:- डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि विगत् कई वर्शो से हुरावली की सड़क काफी जर्जर हालत में है, भारतीय सेना की अनुमति के इंतजार में यह सड़क आज तक नही बन पाई है, जिस कारण यहां के लोगो को परेषानियों का सामना करना पड़ा है। यह सड़क इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण मार्ग है।

4. आदित्यपुरम में सड़क एवं विद्युत व्यवस्था बहाल किये जानेः- डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्र. 18 के अंतर्गत आने वाले आदित्यपुरम् निवासी जर्जर सड़क एवं खराब विद्युत व्यवस्था की समस्या से जूझ रहा है, यहां रहने वाले क्षेत्रवासियों को काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है, सड़को में काफी गहरे-गहरे गड्ढे हो गये, जरा सी बारिष हो जाने पर यह गड्ढे भर जाते है। जिस कारण यहां आये दिन हादसे होते रहते है।

5. पारस जैन के परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता दिये जाने हेतु:- डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्र. 60 ग्राम हुरावली में पारस जौहरी नामक 21 वर्शीय दलित युवक की नृषंस हत्या कर दी गई जो काफी हृदयविदारक घटना थी। मृतक का परिवार अत्यंत गरीब है तथा उनकी आय का कोई विषेश साधन नही है, जिस युवक की हत्या की गई वही उस परिवार की इकलौती उम्मीद था। जिसे उन्होनें इस घटना में खो दिया। डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया कि गरीब दलित परिवार को 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता षीघ्र प्रदान करवाने का कश्ट करें।

6. वीरू जाटव के परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता दिये जाने हेतु:- डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्र. 28 अंतर्गत आने वाले भीमनगर, थाटीपुर निवासी वीरू जाटव का एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया था। वीरू जाटव अपने माता-पिता की इकलौती संतान था, जो कारपेन्टर का कार्य अपने परिवार का भरण पोशण करता था। वीरू जाटव की धर्मपत्नी और एक पुत्री है। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया कि गरीब दलित परिवार को 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता षीघ्र प्रदान किये जाने का कश्ट करें।

7. आकाष जाटव के परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता दिये जाने हेतु:- डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्र. 28 अंतर्गत आने वाले भीमनगर, थाटीपुर निवासी आकाष जाटव की थाना थाटीपुर में गुमषुदगी की रिपोर्ट डली थी, कुछ दिनों बाद उसकी लाष सी.एस.पी.कार्यालय थाटीपुर के पीछे सेफ्टी टैंक में पड़ी हुई मिली थी। आकाष जाटव मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोशण करने वाला इकलौता इंसान था। आकाष जाटव के परिवार में माता-पिता के अलावा धर्मपत्नी और पुत्र हैं। आकाष जाटव की असमय मृत्यु हो जाने से परिवार में आर्थिक संकट काफी आ गया है तथा आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। डॉ. सिकरवार ने मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया कि गरीब दलित परिवार को 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता षीघ्र प्रदान किये जाने का कश्ट करें।

# रास चुनावः 18 जून को भाजपा नेता विधायकों को वोटिंग के लिए देंगे ट्रेनिंग




**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 19 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के पहले भाजपा विधायकों का प्रशिक्षण शिविर लगाएगी। विधायकों को प्रशिक्षण देने के लिए वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर और विनय सहस्त्रबुद्धे 18 जून को भोपाल आएंगे। पार्टी ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए सभी विधायकों को 17 जून को भोपाल बुलाया है। शिविर में विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। 19 जून को प्रकाश जावड़ेकर और विनय सहस्त्रबुद्धे विधायकों को राज्यसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग किस तरह किया जाए इसका प्रशिक्षण भी देंगे। 19 जून को अलग से सबके बाद वोटिंग कर पाएंगे कोरोना संक्रमित विधायक 19 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए कोरोना संक्रमित विधायकों के लिए मतदान की अलग से व्यवस्था की गई है। यह विधायक सभी विधायकों द्वारा वोट डालने के बाद अलग से वोट डाल पाएंगे। विधानसभा सचिवालय ने चुनाव आयोग से इसकी अनुमति मांगी थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है।

# डबरा में बनेगा सौ बिस्तरों का अस्पताल



**भोपाल।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि डबरा क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिये सौ बिस्तरीय अस्पताल बनाया जाएगा। इस अस्पताल के निर्माण पर लगभग साढ़े 6 करोड़ की अनुमानित लागत आयेगी। मंत्री डॉ. मिश्रा ने यह घोषणा रविवार को डबरा सिविल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान की। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि डबरा एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एक आधुनिक अस्पताल बनाया जायेगा। इसके लिए डबरा के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान निर्णय लिया गया कि डबरा के सिविल अस्पताल परिसर में ही नवीन मल्टी स्टोरी हॉस्पिटल बनाना ज्यादा बेहतर रहेगा। डॉ. मिश्रा ने बताया कि शीघ्र ही जिला प्रशासन द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा, जिसे शासन स्तर से स्वीकृत कराकर आवश्यक राशि मंजूर की जाएगी। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द से जल्द अस्पताल का निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। भ्रमण के दौरान पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी सहित जनप्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी साथ रहे।

# 22 दिन में प्रदेश के 462 गांवों में पहुंचा कोरोना




**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना का संक्रमण अब ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से फैल रहा है। पिछले 22 दिन के भीतर राज्य के 462 से ज्यादा गांवों में संक्रमण फैल चुका है। जिनमें से 951 लोग संक्रमित हैं और 32 की मौत हो चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के सभी 52 जिलों में महामारी फैल चुकी है। इस हफ्ते की शुरुआत में राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अफसरों को राजधानी भोपाल पर नजर रखने के निर्देश दिए थे। बाकी जगहों में हालात नियंत्रण में हैं। पंचायत और ग्रामीण विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, संक्रमित मिले 951 लोगों में से 479 मजदूर हैं। इसमें वे भी शामिल हैं जो दूसरे राज्यों से लौटकर अपने घर आए। डेटा बताता है कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में 336 लोग 21 मई को संक्रमित हो गए थे। इनमें 130 मजदूर थे और 206 अन्य ग्रामीण थे। ग्रामीण इलाकों से अब तक 29 हजार 881 लोगों के स्वैब सैंपल लिए जा चुके हैं। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि 21 मई को गांवों के जिन 186 लोगों में संक्रमण का पता लगा था, उन्होंने महज 22 दिन में 462 गांवों में बीमारी फैला दी। रिपोर्ट के मुताबिक, इंदौर जिले में आने वाले गांवों में सबसे ज्यादा कोरोना 90 मरीज पाए गए हैं।

# विद्यार्थियों को अब स्कूलों में मिलेगी प्रिंटेड वर्कशीट

**भोपाल।** कोरोना वायरस के कारण बंद पड़े स्कूल जब खुलेंगे तो विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग पढ़ाई के लिए प्रिंटेड वर्कशीट देगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षाधिकारियों को आदेश जारी किया है कि कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण स्कूलों का नया सत्र शुरू नहीं हुआ है। अगस्त से स्कूल खुलने की संभावना है। चूंकि कोरोना वायरस के कारण बच्चों की पढ़ाई का काफी नुकसान हो चुका है, ऐसे में शिक्षा विभाग जहां अपने सिलेबस को छोटा कर रहा है, वहीं इनमें हर विषय में तीन से चार चैप्टर हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मप्र पाठ्यपुस्तक निगम और एनसीईआरटी नए सिरे से सिलेबस को लेकर गाइड लाइन पर काम कर रहे हैं।

# पूर्व मंत्री, विधायक और सांसदों के बंगलों से हटाए सुरक्षाकर्मी

## कोरोना संक्रमण के चलते पीएचक्यू ने लिया निर्णय

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण के चलते पुलिस मुख्यालय ने पूर्व मंत्री, विधायक एवं सांसदों के आवासों पर सुरक्षा में तैनात सुरक्षा जवानों को हटा दिया है। एसएएफ के जवानों का अटैचमेंट खत्म कर उन्हें उनकी मूल इकाई में भेज दिया है। हालांकि विशेष शाखा के आदेश पर तैनात सुरक्षा जवानों को नहीं हटाया गया है। विशेष पुलिस महानिदेशक एसएएफ विजय यादव ने आदेश जार कर कहा है कि कोविड 19 महामारी को देखते हुए 1 अप्रैल 2019 से पहले मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद एवं विधायक कार्यालय में संबद्ध सभी एसएएफ जवानों की संबद्धता समाप्त की जाती है। ऐसे समस्त कर्मचारी तत्काल अपनी पैतृक इकाई में आमद दें। हालांकि विशेष शाखा के आदेश पर सुरक्षा में तैनात जवानों को नहीं हटाया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री, विधायक एवं सांसदों के निवास पर एसएएफ के जवान बड़ी संख्या में तैनात हैं। कोरोना की वजह से उन्हें वापस बुलाया गया है। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पूर्व मंत्रियों के कार्यालयों में तैनात जवानों को वापस बुला लिया गया है। पीएचक्यू के आदेशानुसार 1 अप्रैल के पहले के मंत्रियों के आवास से भी सुरक्षा हटाई गई है। लेकिन प्रदेश में 1 अप्रैल 2020 से पहले एक भी मंत्री नहीं है। शिवराज सरकार के मौजूदा पांच मंत्रियों ने 22 अप्रैल को शपथ ली थी।

# आरोग्य सेतु की तर्ज पर मप्र सरकार लॉच करेगी सार्थक लाइट एप

**भोपाल।** देश एवं प्रदेश में कोरोना का संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। कोरोना से बचाव एवं अलर्ट रहने के लिए केंद्र सरकार ने आरोग्य सेतु एप लांच किया है। उसी तर्ज पर अब राज्य सरकार भी सार्थक लाइट एप लांच करने जा रही है। खास बात यह है कि इस एप को मोबाइल फोन में डाउनलोड करते समय व्यक्तिगत जानकारी देनी होगी। हालांकि अभी तक यह सुनिश्चत नहीं है कि यह इतना कोरोना संक्रमण रोकने में कितना कारगार होगा। या फिर एप के जरिए लोगों की सिर्फ व्यक्तिगत जानकारी ली जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए समुदाय का पूरा सहयोग लिया जाए। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा %समुदाय आधारित सर्वेलेंस सिस्टम% का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसके अंतर्गत नागरिकों की सुविधा के लिए %सार्थक लाइट एप तथा %कोविड मित्र बनाए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि प्रस्तावित %सार्थक लाइट एप के अंतर्गत कोई भी नागरिक अपने मोबाइल नंबर एवं पते के आधार पर पंजीयन करा सकेगा। एप के माध्यम से निकटतम कोविड उपचार सुविधा केन्द्र तथा निकटतम सैम्पल कलैक्शन केन्द्र की जानकारी दी जाएगी। जैसे ही कोई हाई रिस्क मरीज (सारी/आईएलआई) अपना पंजीयन करेगा वैसे ही उसके पास एसएमएस आएगा कि उसे स्वास्थ्य परीक्षण/टैस्ट के लिए कहां जाना है।

हैल्प लाइन सेंटर 104 से

# अस्पताल से फिर 28 व्यक्ति कोरोना संक्रमण से स्वस्थ हुए

**भोपाल।** कोरोना वायरस से डरे नहीं बल्कि इसका मुकाबला करें। इसका ईलाज संभव है। कोरोना पर जीत का प्रत्यक्ष उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आज 28 व्यक्ति चिरायु अस्पताल से कोरोना संक्रमण को हराकर अपने घर रवाना हुए। इन सभी व्यक्तियों ने भोपालवासियों से कोरोना संक्रमण से बचाव के सभी उपाय अपनाने के साथ-साथ स्वयं आगे आकर फीवर क्लीनिक में अपनी जांच करवाने की अपील की। इसके साथ ही अपने सफल ईलाज और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया। आज डिस्चार्ज हुई अरेरा कॉलोनी निवासी 58 वर्षीय श्रीमती रेमी बेहल ने बताया जब वे कोरोना पॉजिटिव आई तो उन्हें बिल्कुल आशा नहीं थी कि वे स्वस्थ हो पाएगी। आज उन्हें नया जीवन मिला है इसके लिए उन्होंने



सभी डॉक्टर्स, नर्स, सफाई कर्मी और शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया । सुभाष नगर निवासी 42 वर्षीय बबीता ने अपने सफल ईलाज और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कोरोना पॉजिटिव आने के बाद वो बहुत डरी हुई थी। लेकिन यहां आने के बाद डॉक्टर, नर्स आदि के व्यवहार और उत्साह वर्धन से उनका डर दूर हुआ। कोरोना से डरना नहीं है इस से लड़ना है। चिरायु अस्पताल के डायरेक्टर अजय गोयनका ने आज डिस्चार्ज हुए सभी व्यक्तियों को कोरोना संक्रमण पर उनकी जीत के लिए बधाइयां दी और अभी सात दिवस होम क्वारांताइन होने की समझाइश दी। उन्होंने अस्पताल में कोरोना व्यक्तियों के ईलाज के लिए उपलब्ध कराई गई सभी व्यवस्थाओं के लिए शासन प्रशासन का धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी से अपील की कि अगर आपके घर में या पड़ोस में किसी भी व्यक्ति को सर्दी खासी, जुखाम या सांस में लेने में कठिनाई जैसे कोई भी लक्षण हो तो तुरंत फीवर क्लीनिक में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराए। भोपाल में वर्तमान में 59 फीवर क्लीनिक संचालित है। सभी संजीवनी क्लीनिक, प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालो में फीवर क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। यदि सही समय पर इस संक्रमण की पुष्टि हो जाए तो इसका इलाज संभव है। इसलिए यदि हमारे अंदर इस तरह के लक्षण हैं तो हमें डरना नहीं चाहिए बल्कि स्वयं आगे आना चाहिए और बताना चाहिए।यहां आप डॉक्टर से सलाह ले और अपना परीक्षण कराए, आवश्यकता होने पर आपका स्वैप टेस्ट सेम्पल भी लिया जाएगा। आपकी जांच ही आपके ईलाज की दिशा में पहला कदम है।

## छोटे-छोटे स्थानों पर मियांबाकी गार्डन विकसित करने के दिए निर्देश

# हर के उद्यानों को सुंदर और विकसित बनाने के लिए अहमदपुर नर्सरी से लाए जाएंगे पौधे

**भोपाल।** संभागायुक्त एवं प्रशासक कविन्द्र कियावत ने शहर के उद्यानों को सुंदर और विकसित किए जाने के लिए वन विभाग की अहमदपुर नर्सरी के पौधों और तकनीक का उपयोग शहर के उद्यानों में किए जाने के निर्देश दिए। श्री कियावत ने निगम के उद्यानों, पार्कों मुख्य मार्ग एवं अन्य खाली स्थानों पर यहां के पौधों को लगाने और निगम के सभी गार्डन में कम्पोस्ट किट आवश्यक रूप से स्थापित किए जाने के निर्देश दिए साथ ही शहर के छोटे-छोटे स्थानों पर मियांबाकी गार्डन विकसित किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) पी सी दुबे, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय श्रीमती जयश्री कियावत, नगर निगम आयुक्त वी. एस. चौधरी कोलसानी, मुख्य वन संरक्षक भोपाल क्षेत्र रविंद्र सक्सेना, वन विस्तार अधिकारी धीरेंद्र सिंह और नगर निगम के अपर आयुक्तगण उपस्थित थे। संभागायुक्त और प्रशासक नगर निगम कविंद्र कियावत रविवार को



सुबह वन विभाग की अहमदपुर नर्सरी में निरीक्षण के लिए पहुंचे। श्री कियावत ने निर्देश दिए कि यहां के पौधों का उपयोग नगर निगम के उद्यानों, सार्वजनिक पार्क, मुख्य रोड के बीच और बगल वाले खाली स्थानों में लगाए। श्री कियावत ने कहा इससे ना सिर्फ शहर की सुंदरता बढ़ेगी साथ ही आमजनों को स्वास्थ्यवर्धक लाभ मिलेगा। श्री कियावत ने निगम के सभी गार्डनों में कम्पोस्ट किट आवश्यक रूप से स्थापित करने और शहर के छोटे-छोटे स्थानों पर मियांबाकी गार्डन स्थापित करने के निर्देश दिए। श्री कियावत ने निर्देशित किया कि उद्यान पर्यवेक्षकों को यहां लाकर औषधीय और लाभदायक पौधों के गुणों और इन्हें लगाने के तरीकों से प्रशिक्षित करे। स्कूली बच्चों को पर्यावरण हितैषी और जागरूक बनाने के लिए यहां भ्रमण के लिए लाए और इनके गुणों और महत्व से परिचित कराएं। श्री कियावत ने कहा कि नगर निगम में 38 गार्डन विकसित करने के लिए 45 दिवस की समयसीमा दी गई है। श्री कियावत ने कहा कि पार्कों के विकास के लिए सप्लाई लाईन (नर्सरी) अच्छी होना चाहिए और बगैर सप्लाई लाईन के पार्कों का विकास सुगमता से नहीं किया जा सकता। इसके लिए अल्टरनेट नर्सरी के लिए भदभदा सहित आसपास के क्षेत्र में नर्सरी विकसित करने की योजना सुनिश्चित की जाए। श्री कियावत ने सीड बॉल तकनीक, कीटनाशक एवं खाद वाली नीम खली यूनिट, फंगस और बैक्टीरिया से युक्त वर्मी कंपोस्ट यूनिट, बिना मिट्टी के पौधे तैयार करने की हाइड्रोपोनिक्स पद्धति आदि का भी अवलोकन किया। संभागायुक्त श्री कियावत सहित सभी अधिकारियों ने पौधा रोपण भी किया। मुख्य वन संरक्षक अनुसंधान एवं विस्तार भोपाल व्रत एचसी गुप्ता ने बताया अहमदपुर नर्सरी के 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विभिन्न प्रजातियों के 7 लाख से अधिक पौधे तैयार किए गए हैं। यहां मध्यप्रदेश के वनों में पाए जाने वाले 28 प्रजातियों के बरगद के पेड़ फाइकस पार्क के रूप में, दुर्लभ एवं संकटापन्न 30 प्रजातियों के पेड़ो का पार्क, 71 प्रकार के औषधीय पेड़ो का औषधि वन पार्क आदि विकसित किया गया है। इन्हें अब शासकीय भूमि पर रोपित किया जाएगा इसके अलावा जन सामान्य को भी यह पौधे विक्रय किए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# आतंक पर प्रहार

कोरोना के खतरे के बीच जम्मू-कश्मीर में आतंक पर प्रहार जारी है। शोपियां जिले के सुगो इलाके में सुरक्षा बलों ने बुधवार को 5 आतंकवादियों को ढेर कर दिया। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस को इस इलाके में आतंकियों के मौजूद होने की गुप्त सूचना मिली थी। जम्मू-कश्मीर में पिछले 15 दिनों के अंदर 22 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इनमें कई खूंखार आतंकी संगठनों के आठ शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं। इस्लामिक स्टेट के जम्मू-कश्मीर कमांडर आदिल अहमद वानी और लश्कर के कैडर शाहीन अहमद ठोकेर को कुलगाम के हांजीपोरा में 25 मई को ढेर किया गया था। हिज्बुल मुजाहिदीन के कमांडर परवेज अहमद और जैश कमांडर शाकिर अहमद को 30 मई को मार गिराया गया था। जैश-ए-मुहम्मद के ग्रुप कमांडर आकिब रमजान वानी व अवंतीपुरा में जेईएम के कमांडर मोहम्मद मकबूल चोपान को दो जून को सुरक्षाबलों ने घेर कर मार गिराया था। इसके अगले ही दिन तीन जून को सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली। पाकिस्तान के रहने वाले जैश-ए-मुहम्मद के शीर्ष कमांडर फौजी भाई, हिज्बुल के शीर्ष कमांडर मंजूर अहमद कर, जैश के कमांडर जावेद अहमद जरगार को पुलवामा के कंगम में हमेशा-हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया गया था। इन मुठभेड़ों के नतीजे में जो सामने आया है, उससे निस्संदेह आतंकी संगठनों का मनोबल एक बार फिर तोडऩे में मदद मिली है। पिछले कुछ समय से सुरक्षाबलों की मुस्तैदी और खुफिया तंत्र की सटीक सूचनाओं के आधार पर जिस तरह घाटी में सक्रिय आतंकी संगठनों के खिलाफ अभियान चलाए गए हैं, उससे आतंकवाद के खात्मे की दिशा में काफी हद तक कामयाबी मिली है। पिछले दिनों एक कार में भारी मात्रा में भरा विस्फोटक पकड़ा गया था, जिसके जरिए पुलवामा जैसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रची गई थी। उससे पहले घाटी में सक्रिय हिज्बुल के कमांडर को मार गिराने में कामयाबी मिली थी। बुरहान वानी के बाद घाटी में कोई भी आतंकी सरगना अपनी जड़ें फैलाने में कामयाब नहीं हो पाया है। यह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद घाटी में स्थितियां काफी बदली हैं। अलगाववादी संगठनों के नेताओं पर नकेल कसे जाने और लंबे समय तक वहां कर्फ्यू होने की वजह से अलगाववाद संबंधी गतिविधियों पर काफी हद तक विराम लगा। फिर आतंकी संगठनों को स्थानीय लोगों का समर्थन भी धीरे-धीरे कम होने लगा। सुरक्षा बलों की सक्रियता के चलते दहशतगर्दों को सरहद पार से मिलने वाली मदद भी काफी हद तक रुक गई। जिन रास्तों से व्यापार आदि के जरिए उन्हें साजो-सामान मुहैया कराए जा रहे थे, वे भी बंद हो गए। सरहद पर चौकसी बढ़ी तो सरहद पार से होने वाली घुसपैठ भी आसान नहीं रह गई। फिर एक के बाद एक अनेक आतंकी साजिशों को नाकाम कर दिया गया। इसी तरह घाटी में युवाओं को बरगला कर उनके हाथ में बंदूक थमाने की आतंकी साजिशों पर भी विराम लगा। यह बेवजह नहीं है कि पिछली कुछ मुठभेड़ों में पहले की तरह स्थानीय लोग हाथों में पत्थर लेकर आतंकवादियों के समर्थन में नहीं उतर पा रहे।

# मदद और हौसले से कोरोना का डर कम

कोरोना संकट ने जहाँ पूरी दुनिया की नींद छीन ली है अनेक देश हर मोर्चे पर जूझ रहे हैं वहीं भारत अपेक्षाकृत अपने सुनियोजित प्रयासों से बेहतर स्थिति में है। अपने प्रदेश की ही बात करें तो मध्यप्रदेश इस महामारी से निपटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से लेकर प्रवासी मजदूरों को राहत देने की हरसंभव कोशिश की गई है। किसानों को उनकी उपज की समयबद्ध कीमत मिल सके, इसके लिए मंडी कानून में संशोधन कर एक बड़ी पहल की है। कोरोना से लोगों में डर ना फैले, इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान स्वयं लोगों की हौसलाअफजाई करने में जुटे हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि एक तरहफ जहाँ कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या चिंहित हो रही है वहीं दुगुनी गति से इस बीमारी से ठीक होकर मरीज अपने घरों की ओर जा रहे हैं। सरकार के साथ पुलिस, डॉक्टर, मीडिया और सेवाभावी संस्थाएं कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना वाइरस का संक्रमण जिस तेजी से फैल रहा है उसके प्रभाव में समूची दुनिया है। संक्रमण कब खत्म होगा यह कोई नहीं जानता। एक ओर जहाँ लाखों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं वहीं भारत में प्रभावितों की संख्या भी ढेड़ लाख पार कर चुकी है। एक तरफ महामारी से जान माल का संकट तो दूसरी तरफ गिरती अर्थव्यवस्था का बोझ। वैसे यह महामारी दुनिया के सभी देशों को सीधा सबक सिखा रही है कि दरवाजे पर खड़ी आपदा को गंभीरता से लें अन्यथा इसके परिणाम भुगतने होते हैं। विश्व के जिन देशों ने इसे नजरअंदाज किया वे अब परिणाम भुगत रहे हैं। महामारी की विनाशलीला ऐसी है कि कोई भी देश इससे अछूता नही है। जहाँ तक हमारे भारत देश का सवाल है महामारी यहाँ आने के शुरुआती दिनों में ही इस पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाये गए। भारत के दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरगामी फैसले लेकर महामारी को रोकने की रणनीति तैयार की। कोरोना महामारी को रोकने के लिए लॉकडाउन जैसे विकल्प पर तत्काल विचार हुआ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर पूरा देश उनके साथ खड़ा हुआ। जिस भारत देश में महज दो दिन की तालाबंदी से अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता था वहाँ दो माह से अधिक समय के लॉकडाउन से क्या हाल हुआ होगा इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। लेकिन भारत के लोग न रूके और न ही थके। प्रधानमंत्री लगातार आह्वान करते रहे और देश के लोग अपने निश्चय पर कायम रहे। लम्बे समय लॉकडाउन होने के कारण अर्थव्यवस्था पर जो विपरीत असर पड़ा वह पीड़ादायक एवं निराशाजनक जरूर है लेकिन कोरोना महामारी से बचकर तथा स्वस्थ रहकर हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को दोबारा गति दे सकेंगे। उसे पहले से बेहतर स्थिति में ला सकेंगे। इस महामारी के दौर से गुजरने के दौरान एक अहम बात सबने देखी वह यह कि देश जब भी किसी आपदा या मुश्किल की घड़ी में होता है तब विभिन्न धर्म सम्प्रदाय वाले हमारे देश के लोग आपसी मनमुटाव भूलकर एक हो जाते हैं। यही एकता दुनिया में हमे अन्य देशों के मुकाबले अलग-थलग रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति सम्पूर्ण राष्ट्र कृतज्ञ है। संकट की इस घड़ी में उन्होंने एक के बाद एक जो दूरगामी फैसले लिए वह उन्हें विश्व में लोकप्रिय भी बना गया। कोरोना महामारी का संकट देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश पर भी पड़ा है। चूंकि देश के अनेक राज्यों का आवागमन यहाँ से होकर गुजरता है इसलिये यहाँ खतरा अधिक महसूस किया जा रहा था। संक्रमण को रोकने के



लिये पूर्व की कांग्रेस सरकार ने कोई प्रयास नहीं किये थे। तेजी से घट-बढ़ रहे राजनीतिक घटनाक्रम पर ही उसका ध्यान केंद्रित रहा। विगत् 23 मार्च को मुख्यमंत्री का पदभार संभालते ही शिवराज सिंह चैहान ने कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वे इस दिशा में मिशन बनाकर काम में जुट गये। एक तरफ जहाँ महामारी से लड़ना चुनौती था वहीं लॉकडाउन से कमजोर हो चली मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ती गयी। गरीब, मजदूर, जरूरतमंदो की आवश्यकताओं की पूर्ति करना भी जरूरी हो गया था। सरकार ने जरूरतमंदों के लिये तीन माह तक मुफ्त राशन देने की व्यवस्था सुनिश्चित की। सब्जियों के दाम निर्धारित कर कालाबाजारी को रोकने के लिये हरसंभव प्रयास किये गए। कोरोना संकट के दौरान मध्यप्रदेश सरकार ने मजदूरों के लिए राहत देने के सारे इंतजाम किये। सर्वप्रथम प्रदेश के एक लाख अठारह हजार मजदूरों के खाते में एक-एक हजार रूपये की राहत राशि ट्रांसफर की गयी। फिर दूसरे राज्यों में प्रवासी मजदूरों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए सरकार ने प्रभावी कदम उठाये। किसानों के खातों में फसल बीमा की राशि भेजी गयी। सरकार ने किसानों को मदद के लिए हर संभव प्रयास किये। राहत के लिए सभी द्वार खोले गए। मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों से एक लाख से अधिक मिट्रिक टन गेहूँ की खरीदी कर उनके खातो में दो हजार करोड़ रूपये की राशि ट्रांसफर की। किसान, मजदूर और गरीब वर्ग के लिए सरकार ने मदद के सारे रास्ते खोले उससे उसका मानवीय चेहरा उभरकर सामने आया है। कोरोना संक्रमण के दौरान अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों और पुलिसकर्मियो से मुख्यमंत्री स्वयं निरंतर संपर्क बनाये हुए थे। अक्सर वे दूरभाष पर चर्चा करते और उनका मनोबल बढ़ाते। लॉकडाउन के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों और पुलिस पर हुये हमले तथा अभद्रता के मामलों को मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान में लेकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गयी। पुलिसकर्मियो पर हुए हमलों के आरोपियों पर रासुका के तहत कानूनी कार्यवाही भी की गयी। मुख्यमंत्री ने ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों की मृत्यु होने पर पचास लाख रूपये की आर्थिक सहायता देकर अनुकरणीय पहल की है। इस भयावह संकट के दौर में मध्यप्रदेश में जो नवाचार हुए हैं, वह पूरे देश के समक्ष नजीर है। मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान के प्रयासों की सराहना स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है। इस संकट में भी मध्यप्रदेश मुस्करा रहा है तो इसलिए कि मध्यप्रदेश महज जमीन का टुकड़ा नहीं बल्कि भारत का ह्दयप्रदेश है।

काली है गौरी है
मोटी है पतली है
देख पापा वो लोग जज करते है
अभी तक पढ रही है, इतना क्या पढ रही है
सिलेक्शन नहीं हो रहा, शादी करदो अब नहीं तो कब
कह कह के पापा वो लोग जज करते है
नौकरी लग गई, आत्मनिर्भर हो गई तो पर निकल आये
कह कह के पापा वो लोग जज करते है
चार लोगो से बात न करे तो घमंडी है और बोले तो
मुहफट है
कह कह के पापा वो लोग जज करते है
भाई बहन की मुश्किल घड़ी में साथ खडी रही
तो तेज है बदमाश है
कह कह के पापा वो लोग जज करते है

क्या इस तेज आवाज से वो लोग जज करते है
या बैखोफ बोलती हुई लड़की देख जज करते है
क्या कारण है पापा वो लोग क्यूं जज करते है।।



गुंजन स्वामी
कनिष्ठ सहायक
महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय

# जीवन नए सिरे से शुरू करना होगा

जब से कोरोना वायरस महामारी का फैलाव दूसरे देशों की तरह भारत में बढ़ने लगा।जिसकी वजह से लोगों को घर में रहना पड़ा और लोगों के घर में रहने के कारण परिस्थितियां कुछ ऐसी बनी कि हमारे देश में बहने वाली नदियां उनका पानी लगातार साफ होता चला गया। जीवन के इस बदलाव या इस पहलू में लोग कहने लगे कि जो काम काफी समय से नहीं हो पा रहा था। नदियों को साफ करने का.वह अपने आप होता चला गया।इसी प्रकार वातावरण में होने वाले प्रदूषण के कारण लगातार हवा में जो जहर फैलता जा रहा था।वह भी प्रदूषण फैलाने वाले वाहन ना चलने की वजह से बहुत कम होता चला गया। लेकिन लोगों के जीवन में होने वाले इस बदलाव को सही कहना कितना सही है।इस बारे में विचार करना होगा।जीवन के इस पहलू को सब लोग अच्छा महसूस कर रहे हैं। लेकिन लगातार ऐसा महसूस हो रहा है कि पर्यावरण और नदिया तो साफ हो जाएंगी।लेकिन बहुत से लोगों का काम लगभग चौपट होने की अवस्था में आ जायेगा। छोटे कारोबारी हो या बड़े कारोबारी सभी लोग लगातार लॉक डाउन में बहुत परेशान है और कुछ व्यापारियों के तो काम ही बंद होने की कगार पर आ गए हैं।लगातार बड़े-बड़े शहरों से मजदूरों के पलायन के बाद छोटी-छोटी कंपनियां मजदूरों के अभाव में बंद होने की कगार पर आ जाएंगी। जीवन के इन बदलते पहलुओं



का क्या कोई उपाय और नहीं हो सकता था।लॉक डाउन हालांकि बहुत ही जरूरी हो गया था और करना भी था लेकिन लगातार अपने घर में बैठकर कब तक काम चलेगा।कोई भी व्यक्ति आपको घर मे बैठे रहने की तनख्वाह कब तक दे देगा। पर्यावरण और नदिया तो साफ हो जाएंगी लेकिन इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत ही भयंकर होगा।कोरोना काल मे जीवन में सिर्फ एक ही अच्छी बात सीखी जा सकती है।कि अब हर व्यक्ति को अपने जीवन के नए रूप में जीने की आदत डालनी होगी।यह जो बदलाव आपके घर रहने से पर्यावरण और नदियों के पानी में आया है।कोशिश करनी होगी कि सब काम करते रहने के साथ साथ इन सबको साफ रखने का भी ध्यान रखना होगा कोशिश करनी होगी कि सारी चीजों का ध्यान रखते हुए अब आगे जीवन तो जिया जाए और अपने कार्यों को भी आगे बढ़ाया जाए।जीवन के इस नए पहलू को एक पॉजिटिव में लेकर आगे बढ़ना होगा। जिससे देश का भी निरंतर विकास होता रहे और आम आदमी के जीवन मे भी कोई आजीविका की परेशानी ना आये।

**नीरज त्यागी**
**ग़ाज़ियाबाद ( उत्तर प्रदेश ).**
**मोबाइल 09582488698**

# चाराधाम यात्रा के लिए, सोशल डिस्टेंस जरूरी

सरकार ने 8 जून से शर्तों के साथ मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों को शर्तों के साथ खोलने की इजाजत देने का मन बना लिया है, उत्तराखंड में भी चार धाम यात्रा की तैयारियां तेज हो गई हैं। बद्रीनाथ व केदारनाथ मंदिर में भी शर्तों का पालन कराने के लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा है।बशर्ते केंद्र सरकार की ओर से हरी झंडी मिल जाए। बद्रीनाथ व केदारनाथ धाम में यात्रा को लेकर मंदिर और आसपास के स्थलों को लगातार सैनिटाइज किया जा रहा है।साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन कराने के लिए श्रद्धालुओं की जहां कतार लगती है, वहां पेंट के सहारे एक-एक मीटर की दूरी पर गोले बनाए जा रहे हैं। केवल मंदिर परिसर ही नहीं, बल्कि मंदिर तक जाने वाले पैदल मार्ग पर भी श्रद्धालुओं के बीच एक-एक मीटर की दूरी सुनिश्चित करने के लिए गोले बनाए जा रहे हैं। बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिरों में श्रद्धालु कब से दर्शन कर सकेंगे, मंदिर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। तैयारियों की रफ्तार को देखकर उम्मीद जताई जा रही है कि बाबा बद्रीनाथ व केदारनाथ के द्वार जल्द ही आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे. इस संबंध में नगर पंचायत बद्रीनाथ के अधिशासी अधिकारी (ईओ) सुनील पुरोहित ने बताया कि यात्रा संबंधी अंतिम तैयारियां उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने पर की जाएंगी। आठ जून से या उसके बाद सरकार सीमित संख्या में चारधाम यात्रा को शुरू करेगी। ऐसा माना जा रहा है।हालांकि



शुरुआत में केवल राज्य के लोगों को ही यात्रा करने की अनुमति होगी। दूसरे दौर में अन्य राज्यों से बात कर बाहरी यात्रियों के लिए भी यात्रा को शुरू किया जाएगा। सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान में रखते हुए ही यात्रियों की संख्या सीमित रखी गई है। चारधाम यात्रा के पहले चरण में दूसरे राज्यों के श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं होगी। क्योंकि मन्दिरों में भीड़ होने पर संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। उत्तराखंड के आर्थिक संसाधनों की रीढ़ प्रति वर्ष होने वाली चार धाम यात्रा पर इस बार कोरोना महामारी का काला साया पड़ गया था,जिसे दूर करने के लिए सशर्त यात्रा की अनुमति का मार्ग खोजा जा रहा है।।हालांकि उत्तराखंड के मैदानी जनपद ही नही, पर्वतीय जनपदों में भी कोरोना खतरे के बादल रह रह कर उमड़ रहे है। प्रदेश सरकार द्वारा भी राज्य में रेड ज़ोन को छोड़कर सामान्य दुकाने सवेरे से शाम तक खोलने की अनुमति दी हुई है।लेकिन राज्य ही नही देश मे कोरोना की रफ्तार तेज हो जाने से चार धाम यात्रा पर देश विदेश से आने वाले भक्तों के लिए न देश मे और न ही विदेश में हालात अनुकूल हो पाए है ।इस कारण लगता है इस बार चारो धाम की यात्रा सीमित भक्तो की मौजूदगी मात्र से ही सम्पन्न हो पाएगी ।जिसका प्रतिकूल असर उत्तराखंड की आर्थिक हालत पर भी पड़ना निश्चित है। इतिहास में पहली बार बदरीधाम और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख के बदलाव हुआ है। भगवान बदरीधाम के कपाट खुलने का दिन टिहरी राजदरबार में राजा की कुंडली से निश्चित किया जाता है। राजा टिहरी दरबार की कुंडली और धर्मिक परम्पराओं को देखते हुए कोरोना के संकट काल के दौर में बदरीधाम के कपाट खोलने की तिथि में बदलाव हुआ है। बदरीनाथ के धर्माधिकारी का मानना है कि महामारी के चलते धर्म शास्त्र भी यही कहता है, जो आज टिहरी राजदरबार में महाराज ने निर्णय लिए है।

## अभी नही देखा



सिर को झुकते देखा है,
पर झुकाते नहीं देखा
अभी अपनापन देखा है,
परायापन नहीं देखा
अभी प्यार देखा है,
नफरत नहीं देखी
अभी दोस्ती देखी है,
दुश्मनी नहीं देखी
अभी इज्जत देते हुए देखा है,
बेइज्जती नहीं देखी
सब कुछ पाते हुए देखा है,
सब कुछ खोते हुए नहीं देखा
सबको साथ देते देखा है,
अकेलापन नहीं देखा
मेरी खामोशी देखी है,
मुझे ज्वालामुखी बनते नहीं देखा
पानी जैसे शांत चलते देखा है,
उसी पानी को सब कुछ
बहाते ही नहीं देखा
अभी सिर्फ तूफान देखा है,
तूफान को बवंडर बनते नहीं देखा
सच्चाई पर पर्दे पड़े देखे हैं,
उन परदो को उठते नहीं देखा

**अमित डोगरा ,**
**पी.एच डी शोधकर्ता ,गुरू नानक देव विश्वविद्यालय ,अमृतसर**



# हॉट डांस मूव्स करती नजर आई नोरा

अभिनेत्री-डांसर नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया हैं। इस विडियो में वह कुछ हॉट डांस मूव्स करती नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि जब वह डांस करती हैं तो हिप्स टिकटॉक होते हैं। बता दें कि वीडियो में वह मेगन दी स्टालियन के %सैवेज% पर डांस कर रही हैं। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा है कि 卐जब मैं डांस करती हूं तो हिप्स टिकटॉक होते हैं, इसे एक पायदान ऊपर ले जाते हुए। वे मेरे सभी डांस मूव के दौरान सहज, सुरक्षित हैं।卐 बता दें कि नोरा अब अगली बार अजय देवगन की फिल्म %भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया% में नजर आएंगी। नोरा ने खुद को थोड़े समय में बॉलीवुड के सर्वश्रेष्ठ डांसरों में से एक के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने %मनोहारी%, %दिलबर%, %ओ साकी साकी%, %कमरिया%, %एक तो कम जिंदगानी%, %गर्मी% जैसे गानों पर डांस किया है।

# सोशल मीडिया पर मलाइका ने किया फोटो कोलाज

कोरोना वायरस के कारण लागू लॉकडाउन में बॉलिवुड सिलेब्रिटीज अपने घरों में ही कैद हैं। ऐसे में सिलेब्रिटी मलाइका अरोड़ा भी अपना घर में समय बिता रहे हैं। ऐसे में मलाइका लगातार सोशल मीडिया पर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर कर रही हैं। अब उन्होंने अपना एक फोटो कोलाज शेयर किया है जिसमें उन्होंने लॉकडाउन में अलग-अलग स्टेज की तस्वीरों को शामिल किया है। मलाइका का यह पोस्ट उनके इंस्टाग्राम पर 11 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स के लिए ट्रीट से कम नहीं है। इस



फोटो कोलाज को शेयर करते हुए मलाइका ने लिखा कि %लॉकडाउन में मेरी अलग-अलग स्टेजेस... घर पर रहें, सुरक्षित रहें।% इन सभी तस्वीरों में मलाइका विद-आउट मेकअप लुक में दिख रही हैं।घर पर रहते हुए मलाइका ने इससे पहले काफी तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे जिनमें वह अलग-अलग डिशेज तैयार करती या घर पर वक्त बिताती नजर आ रही हैं। उम्मीद है कि लॉकडाउन खत्म होने के बाद मलाइका की स्टाइलिश तस्वीरें और फैन्स को मिलने लगेंगे।



# धर्मेंद्र बोले मैं बोरिंग हो चला हूं

बॉलिवुड के %ही-मैन% धर्मेंद्र ने भले ही बढ़ती उम्र के साथ फिल्मों से दूरी बना ली हो लेकिन फैन्स के बीच उनका क्रेज कहीं भी कम नहीं हुआ है। धर्मेंद्र ने हाल में सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प कैप्शन के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने लिखा कि %सेंसिटिव हूं...कभी-कभी सोचता हूं... मैं बोरिंग हो चला हूं।% बता दें कि धर्मेंद्र की इस तस्वीर पर उनके फैन्स के काफी पॉजिटिव कॉमेंट्स आ रहे हैं जिसमें कई बॉलिवुड और टीवी के सिलेब्रिटीज भी शामिल हैं। बता दें कि धर्मेंद्र इस समय मुंबई से दूर अपने फार्महाउस पर ही वक्त बिताते हैं। वह अक्सर अपने फार्महाउस की खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज शेयर करते रहते हैं।



# पति से मोलभाव नहीं कर सकती

**मुंबइ।** विद्या बालन बॉलिवुड की सबसे टैलंटेड ऐक्ट्रेस में से एक हैं। हाल में विद्या की फिल्म ÷मिशन मंगल÷ रिलीज हुई है जिसे ऑडियंस ने काफी पसंद किया है। इसके अलावा भी विद्या ने कई सारी हिट फिल्में दी हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपने प्रड्यूसर पति सिद्धार्थ रॉय कपूर की किसी भी फिल्म में काम नहीं किया है। इस बारे काफी प्रश्न खड़े हुए है ऐसे में विद्या ने बताया कि वह अपने पति की फिल्म में काम करने से क्यों कतराती हैं। क्यों?कि अगर उन्हें कोई भी दिक्कत होती हैं तो वह अपने प्रड्यूसर या डायरेक्टर के साथ बहस कर सकती हैं लेकिन सिद्धार्थ के साथ वह ऐसा नहीं कर सकती हैं। उनका यह भी मानना है कि वह इसलिए भी अपने पति की फिल्मों में काम नहीं करना चाहतीं क्योंकि वह अपने पति से रिश्ते खराब नहीं कर सकती। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसा कई बार हुआ है हालां?कि एक बार सिद्धार्थ और विद्या को कोई स्क्रिप्ट पसंद आ गई थी लेकिन दोनों में से किसी एक ने उसे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वह अपने पति से अपने मेहनताने को लेकर मोलभाव नहीं कर सकती हैं। इस?लिए वह हमेशा अपने प?ति ?सिद्धार्थ के साथ ?फिल्म में काम नहीं करती।

## मिमी के लिए कृति नहीं प्रियंका थीं पहली पसंद

एक विदेशी बच्चे को जन्म देने वाली सरोगेट मदर की कहानी पर आधारित फिल्म मिमी में हीरोईन का किरदार कृति सैनन ने निभाया है। खबर है कि इस फिल्म के लिए हीरोईन के रोल के लिए पहली पसंद प्रियंका चौपड़ा थी। फिल्म की ऑरिजनल राइटर और डायरेक्टर समृद्धि पोरे ने बताया कि %मिमी% के लिए मूल मराठी फिल्म के राइट्स खरीदे गए हैं। उन्होंने कहा, %हाल में प्रड्यूसर दिनेश विजान ने कुछ दिन पहले एक फ्लाइट के दौरान मेरी फिल्म देखी। फिल्म के हिंदी वर्जन को भी समृद्धि ने लिखा है और इसमें पहले वह प्रियंका चोपड़ा को लेना चाहती थीं। उन्होंने कहा, %प्रियंका चोपड़ा से इस फिल्म के बारे में बात हुई थी और वह इस समय बहुत बिजी हैं। उनके पास इस फिल्म के लिए डेट्स ही नहीं थीं।% इसके बाद इस फिल्म में कृति सैनन को कास्ट किया गया। जहां मराठी में इस



फिल्म में उर्मिला कोठारे लीड रोल में थीं वहीं इसके हिंदी रीमेक में कृति सैनन दिखाई देंगी। फिल्म में %लुका छुपी% के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर के साथ कृति एक बार फिर काम करेंगी। साथ ही, ऐक्टर पंकज त्रिपाठी भी उनके भाई के किरदार में दिखाई देंगे।



# टाइगर संग इश्क लड़ायेंगी सारा

सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान अपनी फिल्म केदारनाथ और सिम्बा के बाद सुर्खियों में हैं दोनों ही फिल्मों में उनकी शानदार एक्टिंग के लिए उनकी खूब तारीफ हो रही है। अब सुनने में आ रहा है कि फिल्ममेकर साजिद नडियाडवाला ने अपनी अगली फिल्म बागी 3 के लिए सारा से संपर्क किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हर बार की तरह इस बार भी टाइगर श्रॉफ बागी 3 में लीड रोल करते नजर आएंगे। इस फिल्म में सारा, टाइगर श्रॉफ के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। इस इंस्टालमेंट की पहली दो फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही हैं। वहीं इस फिल्म के पहले भाग में टाइगर श्रॉफ के साथ श्रद्धा कपूर नजर आई थीं। वहीं दूसरे भाग में टाइगर की गर्लफ्रेंड दिशा पटानी को देखा गया था इस फिल्म के लिए फिल्ममेकर साजिद नाडियाडवाला ने सारा से बात भी की है। लेकिन अब तक इस बात की कोई पुष्टि नहीं की गयी है। इस खबर मे कितनी सच्चाई है यह तो आनेवाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल सारा अपनी आनेवाली फिल्म सिम्बा के प्रमोशन मे व्यस्त है। इस फिल्म में उनके अपोजिट रणवीर सिंह नजर आएंगे। वहीं सारा कहती हैं कि भले ही उन्होंने अभिनय को अपना पेशा चुना है लेकिन उनका मकसद जितना संभव हो सके, उतना सच्चा और जमीन से जुड़ा इंसान बनना है।''केदारनाथ'' से बॉलीवुड में कदम रख चुकी सारा अपनी दूसरी फिल्म ''सिम्बा'' में भी उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# 'प्रस्थानम' मूल फिल्म की पूरी तरह से कॉपी नहीं है: संजय दत्त

अभिनेता संजय दत्त की हाल ही में आने वाली फिल्म के बारे बताते हुए उन्होंने कहा ?कि उनकी आने वाली फिल्म 'प्रस्थानम' इसकी मूल तेलुग फिल्म की हर शॉट की रिमेक नहीं है। उन्होंने कहा कि फिल्म को उत्तर भारत के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। फिल्म निर्माता देवा कट्टा ने 2010 में तेलुगू फिल्म बनाई थी और उन्होंने ही इसकी हिंदी रिमेक का भी निर्देशन किया है। इस फिल्म में एक नेता की दो उत्तराधिकारियों के बीच पारिवारिक राजनीति दिखाई गई है। उन्होंने कहा, ''हमारे निर्देशक ने इस फिल्म के साथ बढ़िया काम किया है। दक्षिण भारत से होने पर भी वह उत्तर भारत को अच्छी तरह से समझते हैं। यह फिल्म मूल फिल्म की पूरी तरह से नकल नहीं है। ले?किन, पूरी कहानी वही है।'' वह इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर बोल रहे थे। इस फिल्म में मनीषा कोइराला, जैकी श्रॉफ, चंकी पांडे, अली फजल, सत्यजीत दुबे और अमायरा दस्तुर हैं। निर्देशक कट्टा ने कहा कि उत्तर भारत की कुछ खास संस्कृति है और हमने उसी हिसाब से चीजें की है।





माइकल, कॉनकॉर्ड के मेन स्ट्रीट के एक घर में तूफान के कारण पेड़ उखड गए। बुधवार को तेज हवाओं के साथ तेज आंधी चली जिसके कारण जैक्सन काउंटी में भारी मात्रा में बिजली के खंबे और पेड़ों उखड़ गए।

# फ्लिपकार्ट से अब बुक कर सकते हैं हवाई टिकट, ईएमआई और फ्री ट्रैवल की सुविधा

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट ने अब हवाई टिकट बुकिंग सेवा शुरू की है। यूजर्स यहां घरेलू और इंटरनैशनल दोनों टिकट बुक कर सकते हैं। वेबसाइट के जरिए टिकट बुक करने पर कई तरह के ऑफर मिल रहे हैं। अगर आप पहली बार फ्लिपकार्ट की मदद से हवाई टिकट बुक करते हैं,तब डिस्काउंट के साथ-साथ कई अन्य तरह के भी ऑफर हैं। टिकट बुकिंग के लिए ईएमआई की भी सुविधा दी गई है। आपकों फ्लिपकार्ट ट्रेवल एप्प डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा वेबसाइट को विजिट कर सकते हैं। यहां टिकट बुक करना काफी आसान बनाया गया है। कंपनी का दावा है कि हमारी वेबसाइट से टिकट बुक करना सबसे सस्ता होगा। अगर आप फ्लिपकार्ट ट्रैवल वेबसाइट को विजिट करते हैं,तब टॉप डील्स में कई तरह के ऑफर मिल जाएंगे। ये ऑफर्स फर्स्ट टाइम




यूजर, घरेलू फ्लाइट, राउंड ट्रिप और ऑल फ्लाइट बुकिंग्स पर अलग-अलग हैं। बेस्ट डील के तहत बुकिंग के समय केवल 10 फीसदी पे करना होगा,बाकी बाद में पे किया जा सकता है। मतलब, इस ईएमआई में कंवर्ट किया जा सकता है। इसके अलावा फ्लिपकार्ट ने सुपर क्वॉइन को इंट्रोड्यूस किया है। इसकी मदद से फ्री में एयर ट्रैवल किया जा सकता है। फ्लिपकार्ट से खरीदारी करने पर आपको सुपर क्वॉइन मिलता है। इसकी कोई लिमिट नहीं है। आप अपना पूरा सुपर क्वॉइन रिडीम करवा सकते हैं।

# ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी को नौ जुलाई तक हिरासत में भेजा

**लंदन।** ब्रिटेन की अदालत ने भगौड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी को गुरुवार को नौ जुलाई तक और न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश दिया। नीरव मोदी पिछले साल मई से लंदन की एक जेल में कैद है। नीरव को जेल से लंदन की वेस्टमिंस्टर अदालत में वीडियो लिंक के जरिये पेश किया गया। वह पिछले साल मार्च में गिरफ्तारी के बाद से वैंड्सवर्थ जेल में है। अदालत ने सुनवाई में नीरव की हिरासत की अवधि नौ जुलाई तक बढ़ा दी। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में नीरव मोदी के खिलाफ ब्रिटेन में प्रत्यर्पण का मुकदमा चल रहा है। उसके प्रत्यर्पण के मामले पर सात सितंबर को सुनवाई होने वाली है। तब तक उस हर 28 दिन इसी तरह सुनवाई के लिए पेश किया जाएगा। जिला न्यायाधीश सैमुअल गूजी ने नीरव मोदी से कहा,



卐आपके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया के संबंध में सात सितंबर को होने वाली अगले चरण की सुनवाई से पहले आप की पेशी इसी तरह से वीडियो लिंक के जरिये होगी।''इस दौरान नीरव मोदी ने सिर्फ अपना नाम और राष्ट्रीयता बताने के लिए मुंह खोला। वह (नीरव मोदी) सुनवाई के दौरान कागज पर कुछ लिख रहा था।न्यायाधीश गूजी ने प्रत्यर्पण की प्रक्रिया के पहले चरण की पिछले महीने अध्यक्षता की थी। दूसरे चरण के तहत सात सितंबर से पांच दिन की सुनवाई शुरू होगी।

### चीन और भारत सीमा पर तनाव घटाने का कर रहे प्रयास : चीनी विदेश मंत्रालय

**बीजिंग।** सीमा विवाद को लेकर भारत और चीन के रिश्तों में तनाव बढ़ता जा रहा है। चीन द्वारा बेशक इस मुद्दे को बातचीत के द्वारा हल करने का दिखावा किया जा रहा है। लेकिन उसका दोहरा चरित्र बेनकाब हो चुका है। एक तरफ चीनी सेना के अधिकारी सीमा पर भारतीय सैन्य अधिकारियों के साथ वार्ता का ढोंग कर रहे हैं, दूसरी तरफ संवेदनशील सीमाओं पर अपने सैनिकों की तनाती को बढ़ा रहा है। इस बीच चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत अपनी राजनयिक और सैन्य स्तर की वार्ता में बनी आम सहमति के आधार पर सीमा पर तनाव घटाने के लिए कार्य कर रहा है तथा दोनों देश इस मुद्दे का उचित तरीके से समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध खत्म करने के लिये भारत और चीन के सैन्य कमांडरों की सार्थक वार्ता होने के एक दिन बाद आई है। इसके अलावा, ये खबरें भी आई थी कि दोनों पक्ष अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में टकराव के कई स्थानों पर से सैनिकों को सीमित संख्या में हटा रहे हैं।

# मास्को- शेर के शावक की तोड़ दीं हड्डियां ताकि सेल्फी लेने के वक्त भाग न सके, पुतिन ने दिए जांच के आदेश

**मॉस्को।** रूस में पर्यटकों के मनोरंजन के नाम पर जानवरों के साथ अमानवीयता का व्यवहार किया जा रहा है। ताजा घटना में शेर के एक मासूम से शावक के पैर इसलिए तोड़ दिए गए ताकि समुद्र तट पर छुट्टियां मनाने आए पर्यटकों के साथ फोटो के लिए पोज करते वक्त वह भाग न सके। इस अमानवीय घटना से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक हैरान रह गए और उन्होंने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। यह शावक कुछ हफ्ते का था जब उसे उसकी मां से छीनकर पर्यटकों के साथ



फोटो खिंचाने के लिए मजबूर कर दिया गया। जब वह बड़ा होने लगा तब उसके पैर तोड़ दिए गए ताकि वह भाग न सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सिंबा नाम के शावक की सेहत इस बर्बरता से गिरने लगी और उसकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आईं। शावक को बचाने वाले यूलिया अगीवा का कहना है कि उसे कुछ खाने को नहीं दिया जाता था। यूलिया और उनके साथ सिंबा को जानवरों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर के पास लेकर गए। उन्होंने बताया कि अक्सर फोटोग्राफर जंगली जानवरों की हड्डियां तोड़ देते हैं ताकि वह भाग न सकें। सिंबा का इलाज तो कर दिया गया है लेकिन अभी भी उसे कई परेशानियां हैं। इस बारे में राष्ट्रपति पुतिन को इकॉलिजिस्ट्स के साथ हुई एक वीडियो-कॉन्फ्रेंस में बताया गया जिसके बाद पुतिन ने वादा किया कि सिंबा के साथ ये क्रूरता करने वाले और उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आपराधिक जांच शुरू कर दी गई है।

# ट्रम्प ने ओक्लाहोमा से चुनावी रैलियों को फिर से शुरुआत करने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ओक्लाहोमा राज्य से अपनी चुनावी रैलियों की फिर से शुरुआत करने की घोषणा की है। इसके बाद वह टेक्सास, फ्लोरिडा, एरिजोना और नॉर्थ कैरोलाइना राज्यों में भी रैलियां करेंगे। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण पिछले तीन महीने से उन्होंने चुनावी रैलियां स्थगित कर रखी थीं। ट्रम्प नवंबर



में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए फिर से चुनावी मैदान में हैं। विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी से उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी पूर्व उपराष्ट्रपति जो बाइडेन हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा ?कि हम अब अपनी रैलियां फिर से शुरू करने जा रहे हैं। हमने रैलियों में जबरदस्त बढ़त हासिल की है। हम अपनी रैलियां शुरू करने जा रहे हैं। हम ओक्लाहोमा के टुल्सा से शुरूआत करेंगे। ओक्लाहोमा एक खूबसूरत स्थान है। ट्रम्प ने कहा ?कि हम फ्लोरिडा भी जा रहे हैं, फ्लोरिडा, टेक्सास में बड़ी रैलियां करेंगे। ये सभी रैलियां बड़ी होंगी। हम एरीजोना जाएंगे। हम सही समय आने पर नॉर्थ कैरोलाइना जाएंगे।'' अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति अपनी रिपब्लिकन पार्टी के लिए भीड़ एकत्रित करने वाले सबसे बड़े नेता रहे हैं और अभी तक वह अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी बाइडेन के मुकाबले अधिक संख्या में भीड़ एकत्रित कर चुके हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प नॉर्थ कैरोलाइना के डेमोक्रेटिक गवर्नर की आलोचना कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी को नॉर्थ कैरोलाइना में अगस्त में अपना राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करना है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कैरोलाइना के गवर्नर कोरोना वायरस संकट के बीच राज्य को खोलने में धीमी गति से चल रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि कई राज्य सम्मेलन की मेजबानी करना चाहते हैं जिनमें प्रमुख टेक्सास, जॉर्जिया और फ्लोरिडा हैं।



यमन के शहर साना में ईंधन की कमी के चलते वाहनों में इधन भरवाने के लिए एक गैस स्टेशन के बाहर मोहर चालकों की लंबी कतार।

# नवाज शरीफ के भाई पीएमएल-एन चीफ शहबाज को हुआ कोरोना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख शहबाज शरीफ कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। उधर, देश में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या 119,536 हो गई है। पीएमएल-एन नेता अताउल्लाह तरार ने 68 वर्षीय शहबाज के संक्रमित होने की बृहस्पतिवार को पुष्टि की। उन्होंने दावा किया कि शहबाज धनशोधन के एक मामले में नौ जून को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी ) के सामने पेश हुए थे और वहीं से संक्रमित हुए हैं। तरार ने कहा, एनएबी को कई बार लिखित में जानकारी दी गई थी कि शहबाज शरीफ कैंसर से पीड़ित रह चुके हैं और अन्य लोगों की अपेक्षा उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है। उन्होंने कहा कि कोरोना के खतरे को देखकर पीएमएल-एन प्रमुख पहले से ही अलग-थलग रह रहे थे, लेकिन एनएबी की वजह से उन्हें घर से बाहर निकलना पड़ा। उन्होंने कहा, अगर शहबाज शरीफ को कुछ होता है,तब उसके जिम्मेदार इमरान नियाजी (पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान) और एनएबी होगी।

# धरती के करीब से गुजरेंगे 5 एस्टरोएडस

## नासा के प्लैनेटरी डिफेंस नेटवर्क ने जारी की चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमरीकी कंपनी नासा के प्लैनेटरी डिफेंस नेटवर्क ने चेतावनी जारी की है कि एक बार फिर इस हफ्ते 5 एस्टरोएडस धरती के करीब से गुजरेंगे। अगर किसी तेज रफ्तार स्पेस ऑब्जेक्ट के धरती से 46.5 लाख मील से करीब आने की संभावना होती है तो उसे स्पेस ऑर्गनाइजेशन्स खतरनाक मानते हैं। खास बात यह है कि ये सभी एस्टरोएड धरती से 46.5 मील से कम दूरी पर निकलेंगे। इससे विनाशकारी खतरा तो नहीं होता है लेकिन वैज्ञानिकों की नजरें बनी रहती हैं। नासा का सेंट्री सिस्टम ऐसे खतरों पर पहले से ही नजर रखता है। इसमें आने वाले 100 सालों के लिए फिलहाल 22 ऐसे ऐस्टरॉइड्स हैं जिनके पृथ्वी से



टकराने की थोड़ी सी भी संभावना है। सबसे पहले दो एस्टरोएड 2013एक्स ए22 (310 फीट, 18 लाख मील दूर से) और एस्टरोएड 2020केझेड 3 (64 फीट, 7 लाख 61 हजार मील दूर से) मंगलवार को ही गुजरने वाले हैं। हालांकि, ये दोनों ही नुकसान पहुंचाने लायक दूरी तक नहीं पहुंच सकेंगे। इसके बाद बुधवार को 65 फीट का एस्टरोएड 2020केवाय 40 लाख मील की दूरी से गुजरेगा। इसके पीछे 65 फीट का एक और एस्टरोएड अगले दिन गुरुवार को 36 लाख मील करीब तक आएगा। 11 जून को ही 60 फीट का एस्टरोएड और ज्यादा करीब आएगा लेकिन 23 लाख मील की दूरी से ही निकल जाएगा। पिछले हफ्ते में भी पांच एस्टरोएडस धरती की ओर आए थे और कुछ दूर से निकल गए थे। इससे वैज्ञानिकों का ध्यान इनसे होने वाले किसी भी संभावित खतरे पर बना हुआ है।

# भारतीय क्रिकेट टीम का श्रीलंका दौरा रद्द

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम का सीमित ओवरों की सीरीज के लिए इसी महीने होने वाला श्रीलंका का दौरा रद्द कर दिया गया है। दोनों बोर्ड ने आम सहमति से कहा है कि मैचों के आयोजन के लिए अभी हालात ठीक नहीं है। भारत को इसी माह जून से ही श्रीलंका के खिलाफ तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलनी थी जो जुलाई तक होनी थी। कोरोना महामारी के कारण ही इसके लिए मैचों की तिथि को भी अंतिम रूप भी नहीं दिया गया था। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा, 'जून-जुलाई में यह दौरा कर पाना संभव नहीं था। हमने श्रीलंका बोर्ड को इसकी सूचना दे दी है। हम बाद में यह सीरीज




खेलेंगे।' सीरीज के रद्द होने की पहले ही आशंका थी क्योंकि भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक अभ्यास शुरु नहीं किया था। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े हैं। खिलाड़ियों को अभ्यास शुरू होने के बाद भी मैच फिटनेस हासिल करने में चार से छह सप्ताह लगेंगे। धूमल ने कहा, 'टीम अभी अभ्यास नहीं कर पा रही है और अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर लगे प्रतिबंध भी समाप्त नहीं हुए हैं। ऐसे में जून जुलाई में दौरा कर पाना संभव नहीं है।' वहीं श्रीलंकाई क्रिकेट (एसएलसी) की ओर से जारी एक बयान में भी सीरीज के रद्द होने की बात कही गयी है। एसएलसी ने कहा, 'बीसीसीआई ने श्रीलंका क्रिकेट को जानकारी दी है कि कोविड-19 महामारी को लेकर मौजूदा स्थिति को देखते हुए 3-3 एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज का आयोजन व्यावहारिक नहीं होगा।' साथ ही कहा कि बीसीसीआई आईसीसी के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) को लेकर प्रतिबद्ध है और इसे भारत सरकार तथा स्वास्थ्य एजेंसियों से सलाह लेने के बाद ही क्रिकेट की बहाली तय होगी।

## अभी संन्यास नहीं लेंगे छेत्री

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा है कि अभी उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। 35 साल छेत्री ने कहा कि वह अभी खेल का आनंद ले रहे हैं इसलिए तीन से चार साल और खेलना चाहते हैं। भारतीय टीम के इस कप्तान के नाम अभी तक सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैचों और गोलों का रेकॉर्ड है। उन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के फेसबुक पेज पर लाइव चैट के दौरान कहा,



'मैं नहीं बता सकता कि कब तक खेलूंगा पर अभी अपने खेल का पूरा आनंद ले रहा हूं और फिट हूं। साथ ही कहा कि मैं भारत और बेंगलुरू एफसी के अपने साथी खिलाड़ी उदांता और आशिक कुरूनियां को फर्राटा दौड़ के लिए चुनौती देने वाला हूं। छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 15 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ क्वेटा में एक दोस्ताना मैच के जरिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया था। उनके नाम अबतक 115 मैचों में 72 गोल हैं। यहां तक कि पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद उनके सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल का रिकार्ड हैं और वह अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी से कहीं आगे हैं। छेत्री ने कहा, 'देश के लिए 15 साल खेलना किस्मत की बातहै। मुझे तीन से चार साल और खेलने की उम्मीदें हैं। तब तक मेरा करियर 20 साल का हो जाएगा।'

# नस्लभेद के खिलाफ अभियान पर टीम मिलकर करेगी फैसला - होल्डर




लंदन (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज में नस्लभेद के विरोध में जारी प्रदर्शनों के समर्थन में रहने का कोई भी फैसला टीम मिलकर लेगी। इससे पहले टीम के पूर्व कप्तान डैरन सैमी और क्रिस गेल दोनों ने अमेरिका में अफ्रीकी मूल के एक अश्वेत युवा फ्लॉयड की मौत को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर अपना समर्थन जाहिर किया था और क्रिकेट जगत से भी साथ देने की बात कही थी। होल्डर ने कहा, 'इस पर हमारे बीच में मिलकर चर्चा होगी और हम आम राय से फैसला लेंगे कि एक टीम के तौर पर क्या किया जा सकता है। अभी मैं यहां बैठकर अपनी टीम के साथियों से बात किए बिना कुछ नहीं कहूंगा। मुझे लगता है कि यह सही नहीं होगा।' उन्होंने कहा, 'मैं बस एक बात तय करना चाहता हूं कि अगर हम कुछ करते हैं तो उसे सही तरीके से करना होगा। अगर हमने फैसला किया कि हम इसके समर्थन में खड़े होंगे तो हम इस बात को आश्वस्त करेंगे कि हर कोई इससे एकमत हो। मेरे लिए अंत में सबसे बड़ी चीज एकता है। हम सभी को साथ आना चाहिए क्योंकि पूरे विश्व में समानता होनी चाहिए।'होल्डर ने राष्ट्रीय गीत के दौरान एक घुटने पर बैठने की बात की संभावना से भी इंकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर-शायद-हम टीम में इस पर बात करने के बाद ही कोई फैसला लेंगे।'


गिरजा/12जून ईएमएस

## आमिर, हैरिस ने इंग्लैंड दौरे से नाम वापस लिया

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बल्लेबाज हैरिस सोहेल अगस्त, सितंबर में होने वाले इंग्लैंड दौरे से हट गये हैं। इन दौनो ने ही दौरे से हटने के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने एक बयान में कहा, 'आमिर ने इसलिए हटने का फैसला किया, क्योंकि वह अगस्त में अपने दूसरे बच्चे के जन्म पर यहां रहना चाहते हैं, जबकि हैरिस भी पारिवारिक कारणों से दौरे पर नहीं जा सकेंगे।' बोर्ड के अनुसार पाकिस्तान तीन टेस्ट और तीन टी20 अंतराष्ट्रीय मैचों के लिए 28 खिलाड़ियों और 14 सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को भेजेगा। इस सप्ताह के शुरू में ही पाक बोर्ड ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए यहां खिलाड़ियों के ट्रेनिंग शिविर को भी रद्द कर दिया था। इसलिए उसने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से ऐसा कार्यक्रम बनाने को कहा है कि जिससे पाक टीम जून के शुरू में अभ्यास के लिए लंदन पहुंच जाए।

# 27 जून से दक्षिण अफ्रीका में होगी क्रिकेट की वापसी

### खाली स्टेडियम में होगा मुकाबला




**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में इसी माह के अंत से क्रिकेट की वापसी होगी। कोरोना वायरस महामारी के बाद अब तक यहां खेल मुकाबले रुके हुए थे। अब 27 जून को क्रिकेटर सेंचुरियन तीन महीने के बाद मैदान पर वापसी करेंगे। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण मार्च से ही यहां सभी मुकाबले रुके हुए थे। यह मैच दर्शकों के बिना ही खेला जाएगा हालांकि इस इस मैच का प्रसारण टीवी पर होगा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी जाक फाउल ने कहा कि यह प्रस्तावति मैच चैरिटी के लिए होगा और सरकार से अनुमति मिलने पर ही खेला जाएगा। वहीं बोर्ड के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोएब मांजरा ने कहा कि संक्रमण का खतरा रोकने के लिए मैच में कड़े नियम रहेंगे। उन्होंने कहा, 'स्टेडियम बिल्कुल खाली रहेगा और स्टाफ में भी कुछ ही लोगों को वहां रहने की अनुमति रहेगी।% साथ ही कहा, %खिलाड़ी तीन दिन पहले से ही जैविक रुप से सुरक्षित माहौल में रहेंगे। सेंचुरियन पहुंचने से पहले ही उनका टेस्ट होगा और पहुंचने के पांच दिन बाद भी टेस्ट होगा।'

## लॉकडाउन में ढील से बढ़ी दूध की खपत

**मुंबई।** लॉकडाउन में आंशिक ढील दिए जाने के कारण होटल, रेस्तरां तथा खानपान सेवाओं के धीरे-धीरे खुलने से देश की दूध खपत में जून में कुछ सुधार आया है। दूध खपत में



सुधार से किसानों, प्रसंस्करण करने वाली कंपनियों और सरकार सहित डेरी मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों को राहत मिली है। आपूर्ति की अधिकता को कम करने के अलावा दूध की खपत में इस बढ़ोतरी से उन डेयरी कंपनियों के दबाव में भी कमी आएगी, जो 25 मार्च से शुरू होने वाले लगभग 10 सप्ताह के राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण गंभीर आर्थिक परेशानी से जूझ रही थी। विश्वव्यापी कोरोनावायरस (कोविड-19) महामारी का प्रसार रोकने के लिए 25 मार्च से शुरू हुए लॉकडाउन के परिणामस्वरूप सड़क किनारे चाय बेचने वाले, होटल, रेस्तरां और खानपान सेवा सहित दूध की सभी प्रमुख खपत वाले क्षेत्र बंद हो गए थे। इसके अलावा उपभोक्ताओं ने आइसक्रीम, केक और अन्य ऐसे उत्पादों से भी दूरी बना ली थी, जिनमें दूध और इसके उत्पादों का काफी ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक आरएस सोढ़ी ने कहा कि खानपान सेवाओं को सीमित संख्या में काम की अनुमति के कारण दुकानों, होटलों और रेस्तरां आदि धीरे-धीरे खुलने से दूध खपत की स्थिति में 5 से 10 फीसदी का सुधार हुआ है।

# आरबीआई ने पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाया 6 महीने का प्रतिबंध

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक की वित्तीय स्थिति कमजोर होने के कारण इस ? बैंक पर 6 महीने का प्रतिबंध लगा दिया है। पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक कानपुर में स्थित है और यस बैंक प्रमोटिड है। आरबीआई ने कहा कि फिलहाल इस को-ऑपरेटिव बैंक के जमाकर्ता को निकासी की सुविधा नहीं मिलेगी। आरबीआई की ओर से कहा गया कि 10 जून, 2020 को कारोबार बंद होने के बाद पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक को कोई भी नया लोन या पुराने बकाए को नवीकृत करने, किसी भी प्रकार का निवेश करने और नया जमा स्वीकार करने के लिए रिजर्व बैंक से लिखित अनुमति लेनी होगी। आरबीआई ने कहा है कि को-ऑपरेटिव बैंक को किसी संपत्ति को बेचने, स्थानांतरित करने या उसका निपटान करने से रोक दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विशेष




रूप से सभी बचत बैंक या चालू खाते या जमाकर्ता के किसी भी अन्य खाते में कुल शेष राशि को निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह निर्देश 10 जून को कारोबार बंद होने के छह महीने बाद तक लागू रहेंगे और समीक्षा के अधीन होंगे। हालांकि रिजर्व बैंक ने यह स्पष्ट किया कि इस निर्देश को सहकारी बैंक के बैंकिंग लाइसेंस को रद्द करने के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। बैंक अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक प्रतिबंधों के साथ बैंकिंग व्यवसाय करना जारी रखेगा। पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक ने 12 मई से ही ग्राहकों को भुगतान करने पर रोक लगा दी थी। बैंक ने कानपुर के आर्यनगर स्थित शाखा पर नोटिस चस्पा कर कहा था कि नकदी की कमी के कारण वह भुगतान करने में असमर्थ है। बैंक ने ऑनलाइन पेमेंट, आरटीजीएस, एनईएफटी आदि पर भी रोक लगा दी थी। इस नोटिस के बाद निकासी के लिए ग्राहकों की लंबी लाइन लग रही है लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

ग्वालियर



पुष्पांजलि टुडे

सोमवार 15 जून 2020



# गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा विद्युत वृत कार्यालय एवं शासकीय आवास का शिलान्यास




**ग्वालियर।** गृह एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया में स्थानीय मोटल होटल के पास 2 करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाले मध्य प्रदेश विद्युत वृत कार्यालय, शासकीय निवास एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस कार्यालय एवं शासकीय निवास बनने के बाद आम नागरिक एवं विद्युत कर्मचारियों को काफी फायदा होगा। वर्तमान में जिन कर्मचारियों के पास शासकीय आवास ना होने के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है वह समाप्त हो जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बुधौलिया, कलेक्टर श्री रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर, पूर्व विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल, जी.के भरदया, जीएम. सिविल श्री सतीश गुप्ता, मौजूद थे। गृह एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान कोरोना वायरस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे प्रदेश में इस बीमारी से ठीक होने वालों में सफल रहे है। हमारी सरकार ने इस भंयकर बीमारी से बचने के लिए प्रत्येक जिले में ऐसी व्यवस्था की है, जिससे अधिक से अधिक कोरोना वायरस से पीड़ित व्यक्ति ठीक होकर गए हैं। हमारा प्रदेश पूरे देश में इस बीमारी से बचाने में सबसे श्रेष्ठ माना गया है। उन्होंने कहा कि हमें इस बीमारी से डरना नहीं है, किन्तु कुछ सावधनियां रखना बहुत जरूरी है। हमारी सरकार ने हर जिले के अस्पतालों में निःशुल्क दवाई एवं पूरे स्टाफ की अच्छी व्यवस्था की है। यदि आप लोगों को थोड़ा सा भी खांसी, जुकाम हो जाए, डरे नहीं जिला अस्पताल जाकर अपनी बीमारी का इलाज करवा सकते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हजारों किसानों एवं प्रवासी मजदूरों की सहायता की है।

## रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है - मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा



**ग्वालियर।** गृह एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा आज दतिया प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय में आयोजित विश्व रक्तदान दिवस शिविर में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करना मानव जीवन का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, जिससे हम दूसरों की जान बचा सकते हैं। मंत्री ने कहा कि हम सोचते हैं कि रक्तदान करने से हमें कमजोरी आती है। यह भ्रांति भी दूर होती जा रही है तथा रक्तदान करने से हम गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकते हैं। गृह एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिला चिकित्सालय में हर सुविधा उपलब्ध है। कोई भी मरीज इस चिकित्सालय में दूसरी जगह नहीं जा सकता है। किन्तु जिला चिकित्साल में पदस्थ डॉक्टर्स की जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जो भी मरीज अस्पताल में आता है उससे अच्छा व्यवहार करें एवं अपनी पूरी ताकत से सेवा भाव से उनका इलाज करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रक्तदान करने वाले समिति एवं संगठनों के पदाधिकारियों का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

# यातायात में बाधक बने लोगों पुलिस ने बनाये चालान और रास्ता कराया साफ




**ग्वालियर।** मुरार में अस्त व्यस्त यातायात के चलते स्थानीय वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी हो रही थी पुलिस अधिकारियों के कई बार समझाने के बाद भी सड़क किनारे के दुकानदार और ठेला चालक मानने को तैयार नहीं थे इसलिये एएसपी पंकज पांडे और डीएसपी यातायात विक्रम कनपुरिया ने पुलिस टीम के साथ मिलकर चालानी कार्यवाही और समझाईश भी दी। जिसमें टीआई मुरार अमित भदौरिया, सूबेदार हिमांशु तिवारी, एसआई हेमंत पाटिल मय पुलिसबल के साथ मुरार के सदर बाजार की सड़क पर निकले और यातायात में बाधा बन रहे 11 चार पहिया वाहनों के विरूद्ध एवं बिना मास्क के घूम रहे वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की। जिसमें 3 बुलेट अधिक आवाज वाले सायलेंसर और बना मास्क के सड़कों पर घूम रहे एवं दुकानों के बाहर जो सामान रखा था उसे अन्दर करवाया तथा सड़क पर रखी प्रचार प्रसार के होर्डिंग्स जप्त कर कार्यवाही की गयी और 22 चालान किये गये।

# प्रकृति को माइनिंग न समझें- राजाबाबू



**ग्वालियर।** एडीजी राजाबाबू ने आज सुबह गौशाला लाल टिपारा का भृमण किया, इस दौरान सन्तमहात्माओं द्वारा बनाई गई कुटिया में ध्यान और गीता पाठ भी किया, उन्होंने कहा कि अगर हम प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर चलते तो आज कोरोना जैसी महामारी नहीं होती, इसलिए जरूरी है कि सनातन संस्क्रति के बताए रास्तों पर दुनियां आगे बढ़े। जल, जंगल, जमीन को माइनिंग न समझकर उसके साथ तालमेल बनाकर चलें, गौवंश को संरक्षित करके ही पर्यावरण का भी सरंक्षण किया जा सकता है, इस दौरान स्वामी अच्युतानन्द ने रानीघाटी एवं अन्य स्थानों पर गौवंश के सरंक्षण के लिए हो रहे प्रयासों से अवगत कराया। इस मौके पर स्वामी आत्मानन्द, स्वामी ऋषभदेवानन्द विशेष रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने बेटे को पेड़ से बांधकर इतना पीटा की हो गई मौत

**ग्वालियर।** शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में एक पिता ने अपने बड़े बेटे के साथ मिलकर छोटे बेटे को रुपए चोरी होने के शक में पेड़ से बांधकर इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है, ! जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र में विक्की फैक्ट्री के पास रहने वाले राजेंद्र गौड़ के घर से ?7000 गायब हो गए थे उन्हें अपने बेटे कपिल गौड़ 20 साल पर रुपए चोरी करने का शक हुआ और राजेंद्र ने अपने बेटे कपिल गौड़ की पहले जमकर पिटाई की उसके बाद भी मन नहीं भरा तो दूसरे पुत्र चंदू के साथ मिलकर कपिल को पेड़ से बांधकर इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी तभी पुलिस मौके पर आ गई और मृतक का शव कब्जे में लेकर आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है!

### शहर में युवक और गांव में महिला फांसी पर झूली फांसी

**ग्वालियर।** शहर के हजीरा थाना क्षेत्र में स्थित जयी की लाइन में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली! वही देहात के उठीला थाना क्षेत्र में स्थित दांगी में रहने वाली एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार हजीरा थाना क्षेत्र के जती की लाइन में रहने वाले प्रकाश सिंह नरवरिया प्राइवेट नौकरी करते थे बीती रात उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली! घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है! वही देहात के उठीला थाना क्षेत्र में स्थित दांगी निवासी भूरी पत्नी राधेश्याम बघेल ने बीती रात फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा मृतका के मायके वाले मौके पर आ गए मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है! पुलिस ने मृतका का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है!

### मकान में सेंध लगाकर नकदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के सूरों गांव में घर वाले सोते रहे और चोर मकान में सेंध लगाकर 65 हजार की नगदी तथा गहने समेट ले गए पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है! जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के सूरों गांव में रहने वाले रामचंद्र कुशवाहा बीती रात परिवार के साथ अपने घर में सो रहे थे सुबह जब सो कर उठे तो घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और घर में रखे 65000 की नकदी तथा गहने चोरी हो चुके थे! घर में देखने पर पता चला तो मकान में सेंध लगी हुई थी जिसके रास्ते चोर घर में घुसे थे घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश प्रारंभ कर दिए

# नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

**ग्वालियर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2020 के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रकाशन एक जुलाई को किया जाकर 9 जुलाई 2020 अपरान्ह 3 बजे तक रविवार को छोड़कर मतदाता सूची पर मतदाताओं द्वारा दावे-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं नोडल अधिकारी नगरीय निकाय श्री किशोर कन्याल ने बताया कि मतदाता दावे-आपत्ति अपने-अपने वार्ड के दावे-आपत्ति केन्द्र पर कर सकेंगे। मतदाता सूची में त्रुटि होने की स्थिति में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष सक्षम प्राधिकृत कर्मचारी के माध्यम से निर्धारित फार्म में आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये ईआर-1, मतदाता सूची में गलत दर्ज नामों को हटाने के लिये ईआर-2, मतदाता सूची में दर्ज जानकारी में संशोधन करने हेतु ईआर-3 के साथ ही रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा यदि आवेदन को निरस्त किया जाए तो आदेश के विरूद्ध अपील करने के लिये ईआर-4 फार्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना होगा। अपर कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने बताया कि नगरीय निकायों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया गया है।

### अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक आज

**ग्वलियर।** नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण प्रति सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक स्थगित रखी गई थी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 15 जून को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में विभागीय समन्वय के प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई के साथ-साथ शासकीय योजनाओ एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की जायेगी।

# सोशल डिस्टेंसिंग के पालन में लापरवाही बरतने पर तहसीलदार खरे को नोटिस

**ग्वालियर।** कोरोना संक्रमण (कोविड-19) में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न कराने तथा अधिक संख्या में लोग एकत्र होने पर कोई व्यवस्था न कराने के आरोप में तहसीलदार लश्कर श्री आर एन खरे को अपर कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। अपर कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने तहसीलदार श्री आर एन खरे को मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए कहा है कि सम्पूर्ण लश्कर से नेहरू पेट्रोल पम्प के पास कब्रिस्तान में एक हजार 500 से अधिक लोग एकत्रित हुए। यह संज्ञान में आया है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण पर भी आपने सोशल डिस्टेसिंग के संबंध में कोई व्यवस्था नहीं की। जिस कारण जनाजे के दौरान एकत्रित भीड़ पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया। आपके द्वारा पदीय दायित्वों के संबंध में लापरवाह होकर शिथिलता प्रदर्शित की गई है।

# बिजली चोरी करते पकड़े मामला दर्ज

**ग्वालियर।** बिजली वितरण कंपनी के कर्मचारियों ने बिजली चोरों पर शिकंजा कसते हुए अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है! बीती रात बिजली विभाग के कर्मचारियों ने उपनगर ग्वालियर के रानीपुरा क्षेत्र में बबीना बाई पत्नी सुत्तनपाल, धर्मेंद्र सिंह पुत्र ओमकार शा?य, राहुल पुत्र शिवसिंह, पार्वती पत्नी दीपक शर्मा, गोमती बाई पत्नी देवेश, रमेश पुत्र सरमन शर्मा, गुट्टा पुत्र पूरन मौर्य, सतीश पुत्र देवेंद्र राठी, चार शहर का नाका क्षेत्र में संदीप पुत्र नरोत्तम खरे, सलमान पुत्र अकरम, राजू पुत्र निर्भय सीधे ही बिजली की मेन लाइन पर तार डालकर बिजली चोरी कर रहे थे, इनमें से कुछ के यहां हीटर भी जलते मिले। एक के यहां तो कने?शन न होने के बावजूद बिजली के साथ हीटर पर खाना बनाया जा रहा था। बहोड़ापुर में हुसैन पुत्र अहमद, सिद्दीकी पुत्र अहमद, पानसिंह पुत्र दरवेश, उम्मेद पुत्र नन्हे सिंह, दीपक पुत्र श्रवण माहौर व गंगादीन शा?य को चोरी की बिजली जलाते पकड़ा।

### शताब्दीपुरम के भू-खण्डों का आवंटन अब 24 जून को

**ग्वालियर।** ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा शताब्दीपुरम योजना फेस-2 के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस (कमजोर आय वर्ग) के लिये भू-खण्डों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से 15 जून को रखा गया था। प्राधिकरण द्वारा अपरिहार्य कारणों से भू-खण्डों के आवंटन की कार्रवाई 15 जून को स्थगित करते हुए अब 24 जून को भू-खण्डों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

# अग्निकाण्ड पीड़ित व्यवसाई को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाए : चेम्बर ऑफ कॉमर्स

**ग्वालियर ।** लक्ष्मीगंज चौराहा निवासी-व्यवसाई, श्री दीपक बंसल के मकान एवं दुकान में दिनांक 11 जून,20 की मध्य रात्रि में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से हुए आर्थिक नुक्सान से अवगत कराते हुए चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आज प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री-श्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद-माननीय श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया एवं पूर्व केबिनेट मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को पत्र लिखकर माँग की है कि अग्निकाण्ड में व्यवसाई की दुकान का सम्पूर्ण सामान, फर्नीचर एवं गल्ले में रखे हुए रुपये, पंखे, कूलर, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन आदि सामान पूरी तरह से जलकर, नष्ट हो गए और पीड़ित व्यवसाई को इस अग्निकाण्ड में लगभग 20 से 25 लाख रुपये का नुक्सान होने का अनुमान है। चेम्बर के अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि चेम्बर द्वारा प्रेषित पत्रों में पुरजोर माँग की गई है कि अग्निकाण्ड पीड़ित व्यवसाई, श्री दीपक बंसल को हुई आर्थिक क्षति की भरपाई हेतु, रुपये 10 लाख की आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाए, ताकि पीड़ित व्यवसाई पुनः अपना व्यवसाय प्रारम्भ कर, अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके ।

# बलिदान मेले में शहीद ज्योति 17 को होगी स्थापित

**ग्वालियर।** 18 की सांय विनीत चौहान का काव्यपाठ फेसबुक पर लाइव ।.कोरोना संकट के कारण वीरांगना बलिदान मेला होगा इस बार गाइड लाइन के अनु पिछले 20 बर्षों से लगातार 17-18 जून को आयोजित होने बाले वीरांगना बलिदान मेला कोरोना महामारी संकट के कारण इस बार निर्धारित गाइड लाइन की सीमाओं में ही आयोजित होगा । बलिदान मेला संस्थापक पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने आज पत्रकारों से अनोपचारिक चर्चा करते हुये कहा कि सम्पूर्ण ग्वालियर बलिदान मेला और उसके प्रमुख समारोह की प्रतीक्षा करता है लेकिन उन्हें करोना संकट की गाइड लाइन और प्रशासन से लम्बी चर्चा के बाद भारी मन से यह निर्णय लेना पड़ रहा है कि 17-18 जून को होने बाले वीरांगना सम्मान, सांस्कृतिक मंचन और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रम स्थगित किये जाते हैं, , हम चाहते हैं कि वीरांगना की गरिमा के अनुकूल या तो कार्यक्रम विराट या व्यापक हो लेकिन कुछ भी ऐसा करना जो मानवता



के लिये संकट हो यह उचित नहीं होगा । उन्होंने बताया कि इस बर्ष 17 जून साँय 6 बजे बुंदेलखंडी युवा झाँसी दुर्ग से रानी की पुण्य आत्मा के रूप में शहीद ज्योति लेकर ग्वालियर पहुंचेंगे । पड़ाव चौराहे से चुनिंदा प्रतिनिधि पैदल चलकर शाहिद ज्योति को समाधि पर स्थापित करेंगे, उसके पश्चात 6.30 बजे से 7.30 बजे तक देशभक्तों द्वारा शाहिद हुतात्माओं की स्मृति में दीपदान किया जाएगा, 18 जून की सुबह 8 बजे पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी । श्री पवैया ने नागरिकों से अपील की है कि समाधि पर श्रद्धांजलि के समय उतना ही नियम पालन और अनुशासन रखें जितना कोरोना के समय मंदिरों में हम पालन करते हैं । कोई भी नागरिक बिना मास्क लगाये न आयें और नियमों का पालन करें ।18 जून की सुबह 8 पुष्पांजलि करने के पश्चात बलिदान मेला के संस्थापक अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया 20 प्रतिष्ठि नागरिकों के साथ प्रात: 8 से 12 बजे तक वीरांगना को भाव सुमन अर्पित करने श्रद्धांजलि उपवास पर बैठेंगे । साँय ठीक 8 बजे सांस्कृतिक झांकियों के साथ देश के नाम चीन्ह ओज कवि श्री विनीत चौहान फ़ेसबुक पर 卐लाइव卐 काव्यपाठ करेंगे। इस मौके पर 20 बर्षों से आयोजित होने बाले ऐतिहासिक समारोह पर आधारित आधारित डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया जायेगा ।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान; पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
निअर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित; सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushparjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478